卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 348 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦बुधवार ♦24 सितम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

**तृतीय नवरात्र**



नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के चन्द्रघंटा स्वरूप की पूजा की जाती है। माता के इस स्वरूप की आराधना में सिद्धकुंजिका स्त्रोतम का पाठ मंगल फलदायी है।

## फैक्ट्री में भड़की आग, करोड़ों की क्षति

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भूरारानी क्षेत्र में स्थित निर्मल पाइप फैक्ट्री व गोदाम में बुधवार तड़के अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और फैक्ट्री व गोदाम परिसर में रखे प्लास्टिक पाइप, टैंक, हार्डवेयर, सेनेटरी व अन्य सामान जलकर खाक हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार अग्निकांड की इस घटना में करोड़ों रुपये का नुकसान होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह करीब 6 बजे अचानक भूरारानी क्षेत्र में स्थित एलायंस कालोनी निवासी निर्मल सिंघल की निर्मल पाइप फैक्ट्री व गोदाम में आग भड़क उठी। फैक्ट्री में प्लास्टिक से संबंधित सामान तैयार होता है, इसलिए आग ने तेजी से फैलकर विकराल रूप धारण कर लिया। फैक्ट्री परिसर से उठते घने काले धुएं ने न केवल भूरारानी क्षेत्र बल्कि पूरे शहर के आसमान को ढक दिया। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ गई। घटना की जानकारी मिलने पर फायर ब्रिगेड की रूद्रपुर, किच्छा, पंतनगर, सिडकुल की अनेक फैक्ट्रियों की गाड़ियाँ मौके पर पहुँची और दमकलकर्मियों ने घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक फैक्ट्री में रखा काफी सामान जलकर नष्ट हो चुका था। फैक्ट्री की दीवारें भी आग की गर्मी से चटक गई और भरभराकर गिर गई। जिससे आग बुझा रहें दमकलकर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आग लगने के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है, (शेष पृष्ठ सात पर)





## 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना हो रही साकार: धामी

देहरादून(उद संवाददाता)। राजधानी में भाजपा की राज्य स्तरीय संगठनात्मक कार्यशाला का आयोजन हुआ, जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य 2027 के मिशन हैट्रिक को साकार करना और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना है। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बी.एल. संतोष, राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश सह-प्रभारी रेखा वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, और प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजय भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना को साकार कर रहा है। उन्होंने कहा कि अंत्योदय के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें अनेक योजनाएं चला रही हैं। भारत की संस्कृति को पुन: स्थापित किया जा रहा है और राष्ट्र चेतना को एक मजबूत आधार प्रदान किया जा रहा है। भारत आज अपनी जड़ों से जुड़ते हुए विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। सीएम धामी ने यह भी कहा कि पीएम मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने मध्यम वर्ग के लिए भी कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। नेक्स्ट जेन जीएसटी के माध्यम से आमजन और व्यापारियों को राहत मिली है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि बीते दिन ही उत्तराखंड भाजपा की नई टीम ने कार्यभार संभाला है और पार्टी कार्यालय में पूजा-अर्चना के साथ ष्हैट्रिक की जीतष् का संकल्प लिया गया। नई कार्यकारिणी में कुंदन परिहार और तरुण बंसल को प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि दीप्ति भारद्वाज को पहली बार महिला महामंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है। जगमोहन सिंह रावत ने प्रदेश कार्यालय सचिव के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने बताया कि इस एक दिवसीय कार्यशाला का मुख्य एजेंडा मिशन 2027 को ध्यान में रखते हुए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में (शेष पृष्ठ सात पर)




## प्रदेश में युवाओं को भड़काने के लिए चलाया जा रहा नकल जिहाद: धामी

देहरादून। यूकेएसएसएससी पेपर लीक को लेकर सरकार विरोधी प्रदर्शन के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस मामले को लेकर एक बेहद तीखा और विवादित बयान जारी किया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में युवाओं को भड़काने के लिए 'नकल जिहाद' नामक पृष्ठभूमि तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि जब तक नकल माफिया मिट्टी में नहीं मिला दिए जाते, हम चैन से नहीं बैठेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार नकल माफियाओं पर सख्त विरोधी कानून लागू कर चुकी है और इससे अब तक 25,000 पदों पर पारदर्शी भर्तियाँ सफलतापूर्वक हो पाई हैं। हालांकि, धामी ने यह आरोप भी लगाया कि कुछ लोग इस व्यवस्था को मानने को तैयार नहीं हैं। धामी ने यह चेतावनी भी जारी की कि राज्य में भ्रष्टाचार पर भी कड़ा प्रहार किया जा रहा है, और आईएएस व पीसीएस अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि देवभूमि में कोई भी 'जिहादी रंग-बरंगी चादर' (शेष पृष्ठ सात पर)



## छात्र संघ चुनाव के नामांकन में चली गोलियां

रूद्रपुर। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र संघ चुनाव की नामांकन प्रक्रिया के दौरान छात्र नेताओं के दो गुट भिड़ गये। कहासुनी और मारपीट के बाद एक पक्ष ने हवाई फायरिंग कर दी जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों गुटों को अलग थलग किया और कुछ वाहन भी कब्जे में लिये। जानकारी के अनुसार बुधवार को महाविद्यालय में नामांकन की प्रक्रिया चल रही थी। छात्र संघ अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ रहे रजत बिष्ट और नागेन्द्र गंगवार के समर्थक छात्र बड़ी संख्या में कालेज के गेट पर जमा हुए थे। इसी बीच किसी (शेष पृष्ठ सात पर)





## छात्रों के दो गुटों में झड़प, हंगामा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। एमबीपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव को लेकर माहौल लगातार तनावपूर्ण होता जा रहा है। बुधवार को कॉलेज गेट के बाहर छात्रों के दो गुटों के बीच झड़प हो गई। इस दौरान टैक्सी यूनियन से जुड़े कुछ बाहरी लोग भी मौके पर पहुंच गए, जिससे हालात और अधिक बिगड़ गए। अचानक शुरू हुई धक्का-मुक्की और नारेबाजी ने माहौल को अराजक बना दिया।सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में लिया। हंगामा कर रहे कुछ छात्रों को हिरासत में लेकर सख्त हिदायत दी गई। फिलहाल कॉलेज गेट के बाहर भारी पुलिस बल तैनात है ताकि कोई भी स्थिति नियंत्रण से बाहर न हो। छात्रसंघ अध्यक्ष पद को लेकर कमल बोरा और अभिषेक गोस्वामी के बीच सीधी टक्कर बताई जा रही है, जिससे छात्र गुटों में खींचतान बढ़ गई है। प्रशासन ने साफ किया है कि किसी भी तरह की अराजकता या बाहरी हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।



## विधायक और मेयर का 'ट्रेलर शो' फिलहाल हुआ बंद

### घोषणाओं को बार-बार और नारियल फोड़ कर सुर्खियां बटोर रहे दोनों जनप्रतिनिधियों के बीच सांसद अजय भट्ट ने कराया समझौता

रुद्रपुर। रुद्रपुर की राजनीति इन दिनों किसी फिल्मी पटकथा से कम नहीं रही। विधायक शिव अरोड़ा और मेयर विकास शर्मा के बीच पिछले कुछ समय से चला आ रहा टकराव अब फिलहाल थमता नजर आ रहा है। जनता को जो नजारा रोज-रोज "ड्रामा के ट्रेलर" की तरह दिखाई दे रहा था, उस पर पर्दा डालने की कोशिश की गई है जानकारी के मुताबिक, विधायक और मेयर के बीच विवाद की जड़ शहर में हो रहे विकास कार्य बने। कभी घोषणा, शिलान्यास तो कभी उद्घाटन को लेकर दोनों आमनेख्रसामने आ खड़े होते। हाल ही में इंदिरा चौक से अटरिया मोड़ तक हाईवे चौड़ीकरण व सुंदरीकरण का मामला इस विवाद का बड़ा कारण बना। इस सड़क के कार्य का शिलान्यास पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कर चुके थे। लेकिन कुछ दिन बाद विधायक शिव अरोड़ा ने नारियल फोड़कर कार्य की औपचारिक शुरुआत कर दी। इसी के बाद 16 सितंबर को मेयर विकास शर्मा ने भी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर नारियल फोड़कर सड़क की खुदाई शुरू कराई। नतीजा यह हुआ कि एक ही सड़क पर तीन बार नारियल फूटे और तीन बार शिलान्यास - उद्घाटन की नौटंकी जनता के बीच चर्चा और मजाक का विषय बन गई। अखबारों और सोशल मीडिया पर नारियल प्रकरण सुर्खियों में आने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और स्थानीय सांसद अजय भट्ट को जिम्मेदारी दी कि दोनों जनप्रतिनिधियों को साथ बैठाकर विवाद खत्म कराया जाए। श्री भट्ट भी सक्रिय हुए और जिला अध्यक्ष कमल जिंदल के साथ मंगलवार को विधायक-मेयर को एक टेबल पर बैठाया। सूत्रों की मानें तो काफी बातचीत और समझाइश के बाद दोनों के बीच मनमुटाव खत्म कराने की कोशिशें सफल रहीं और अब सार्वजनिक रूप से टकराव न दिखाने पर सहमति बनी। हालांकि, जनता की राय इससे अलग है। लोगों का कहना है कि दोनों ही नेता महत्वाकांक्षी हैं और अपनीअपनी छवि चमकाने के लिए मौके तलाशते रहते हैं। पहले यह ड्रामा खुले मंच पर जनता को दिखता था, अब पर्दे के पीछे से चलता रहेगा। विकास से ज्यादा नेताओं की राजनीति पर जोर है। नारियल फोड़फोड़ कर जनता का सिर(शेष पृष्ठ सात पर)



# विधायक ने भूतबंगला में रामलीला का किया शुभारंभ



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भूतबंगला में विगत कई वर्षों से आयोजित की जा रही प्रभु श्रीराम की रामलीला का भव्य शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर रामलीला समिति द्वारा विधायक को अंग वस्त्र और राम दरबार की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। रामलीला के शुभारंभ के अवसर पर आयोजन स्थल पर विशेष धार्मिक वातावरण बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसके पश्चात विधायक शिव अरोरा ने भगवान गणेश की आराधना करते हुए प्रभु श्रीराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि नवरात्रि का यह पावन पर्व पूरे वातावरण को भक्ति और ऊर्जा से भर देता है। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर रामलीलाओं का मंचन प्रारंभ हो चुका है और यह परंपरा समाज को धर्म, मर्यादा और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। प्रथम दिवस के मंचन में ष्नारद मोहप्रसंग का जीवंत प्रदर्शन किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। मंचन की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। विधायक अरोरा ने इस अवसर पर बताया कि भूतबंगला रामलीला मैदान में समिति के आग्रह पर रसोई घर का निर्माण कार्य विधायक निधि से करवाया गया है। उन्होंने समिति को आश्वस्त किया कि भविष्य में भी रामलीला आयोजन में हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। रामलीला समिति ने विधायक शिव अरोरा के सहयोग और उपस्थिति के लिए उनका अंग वस्त्र व राम दरबार की प्रतिमा भेंट कर पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर अनेक गणमान्य नागरिक और समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से किरन विर्क, अनमोल विर्क, संतोष पाल, वैभव ग्रोवर, जीतेंद्र चौहान, डंपी चोपड़ा शामिल रहे। समिति से संरक्षक चौनसुख मिश्रा, नत्थूलाल गुप्ता, विजय गुप्ता, कैलाश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, कार्यकारिणी से विनोद वर्मा (अध्यक्ष), विपिन शर्मा (उपाध्यक्ष), रवि गुप्ता (महामंत्री), रामकिशोर (कोषाध्यक्ष), विनोद मिश्रा, अजय श्रीवास्तव, जगदीश श्रीवास्तव, कमल सैनी राजकुमार शर्मा, गिरिश श्रीवास्तव, संतोष दिवाकर, रतन पाल, देवेंद्र मिश्रा सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सैकड़ों नशीले इंजेक्शनों संग नशा तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी ( उद संवाददाता)। ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के विजन को साकार करते हुए बनभूलपुरा थाना पुलिस व एसओजी टीम ने चैकिंग के दौरान युवाओं की नसों में जहर घोलने वाले नशे के सौदागर को 200 नशीले इंजेक्शन सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार प्रभारी एसओजी निरीक्षक हरपाल सिंह एवं प्रभारी



निरीक्षक थाना बनभूलपुरा सुशील जोशी के नेतृत्व में थाना बनभूलपुरा पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा चैकिंग के दौरान हिमालय स्कूल के सामने गौला बाइपास रोड, यात्री विश्राम गृह के पास एक बड़े नशा तस्कर को पकड़ लिया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता जुबैर पुत्र मरहूम मौबीन, निवासी उजाला वार्ड नं. 30, बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 200 अवैध नशीले इंजेक्शन बरामद हुए। पुलिस ने जुबैर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में निरीक्षक हरपाल सिंह प्रभारी एसओजी, उप निरीक्षक मनोज यादव, का. भूपेंद्र जेष्ठा, अरुण राठौड़, सन्तोष बिष्ट, अतहर शामिल थे।

# शिविर में वार्डवासियों की समस्याओं का किया समाधान

हल्द्वानी (उद संवाददाता) जिलाधिकारी श्रीमती वंदना के निर्देशन में हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से वार्ड-वार जन सुविधा शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को वार्ड संख्या 5 एवं 6 में शिविरों का आयोजन किया गया।इस दौरान नागरिकों ने मुख्यत: आपूर्ति व्यवस्था, राशन कार्ड में नाम



जोड़ने/हटाने तथा पृथक राशन कार्ड जारी करने जैसी समस्याएँ उठाईं। अधिकारियों द्वारा इनमें से अधिकांश शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया गया। शिविर में आधार सेवा से संबंधित कार्यों के अंतर्गत कुल 48 आधार कार्ड बनाए और संशोधित किए गए। पूर्ति विभाग से 9 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें नए राशन कार्ड बनाए जाने और नाम जोड़ने/हटाने के आवेदन सम्मिलित थे। इसके अतिरिक्त 10 यूसीसी आवेदन और नगर निगम से संबंधित 5 शिकायतें, मुख्य रूप से स्ट्रीट लाइट की खराब स्थिति के संबंध में प्राप्त हुईं, जिन्हें मौके पर ही सुधार किया गया।शिविर में नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, सहायक नगर आयुक्त जीके भट्ट, विभागीय अधिकारी, कर्मी, वार्ड संख्या 5 की पार्षद नेहा अधिकारी और वार्ड संख्या 6 के पार्षद पंकज त्रिपाठी उपस्थित रहे।

# वी गार्ड कंपनी ने प्राथमिक विद्यालय के जीर्णोद्धार का उठाया बीड़ा

## टीन शेड, वाटर कूलर व शौचालय का कराएगा निर्माण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र सिडकुल स्थित बहुराष्ट्रीय कम्पनी ष्वी गार्ड लिमिटेडष् द्वारा शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम आगे बढ़ाते हुए सरकारी स्कूल राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय ट्रांजिट कैम्प का जीर्णोद्धार का कार्य करने का बीड़ा उठाया गया है। कंपनी के प्रबंधक प्रवीण बनकर ने बताया कि समाज कल्याण फन्ड द्वारा लागत लगाकर 650 बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके मध्याह्न भोजन ग्रहण करने हेतु एक टीन शेड का निर्माण कराया जायेगा। ताकि सभी हर मौसम में बिना किसी परेशानी के भोजन कर सकें। साथ ही छात्र छात्राओं व स्टॉफ के लिए कुल 10 टायलेट बाथरूम बनवाए जायेंगे। उन्होंने बताया कि स्कूल में पीने के लिए स्वच्छ जल हेतु यूवी फिल्टर एवं वाटर कूलर की उचित व्यवस्था भी की जा रही है। जो कि शहर के विख्यात आर्किटेक्ट एवं ठेकेदार वरुण अग्रवाल की फर्म अग्रवाल आर्किटेक्ट्स् एण्ड इन्जनियर्स द्वारा डिजायन एवं बिल्ड के आधार पर तैयार किया जायेगा। इस मौके पर बच्चों



द्वारा कम्पनी के आए सभी अधिकारियों व उपस्थित गणमान्य अतिथियों का स्वागत गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ स्वागत किया गया। इस मैके पर कम्पनी के मुख्य प्रबन्धक प्रवीण बनकर द्वारा विधिवत पूजा पाठ कर और नारियल फोड़ कर अपनी टीम के सदस्य विनिर्माण प्रमुख राजेश ए , वित्त प्रबंधक भूपेन्द्र जोशी, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन जगत प्रकाश मठपाल, जनकल्याण अधिकारी कुलशेखर पाण्डेय, सहायक प्रबंधक विनिर्माण यतिन टन्डन, सिविल इंजीनियर साहिल चौहान व आर्किटेक्ट एवं ठेकेदार वरुण अग्रवाल के साथ संयुक्त रुप से शुभारम्भ किया गया। उन्होंने कहा कि वी-गार्ड का मानना है कि शिक्षा के बुनियादी ढांचे में निवेश करना समाज के दीर्घकालिक विकास और बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह पहल हमारे मूल्यों जिम्मेदारी, देखभाल और सशक्तिकरण का प्रतीक है।अधिकारियों ने छात्रो के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए स्कूल की प्रधान अध्यापक गायत्री पाण्डेय को आश्वस्त किया कि इस कार्य के संपूर्ण होने के बाद भी भविष्य में जब भी जरुरत पड़ेगी, कम्पनी द्वारा यथासंभव मदद कर बच्चों के उत्थान हेतु जो भी बन पड़ेगा समाज कल्याण के कार्य समय समय पर करताये जाएगे। जिससे यह बच्चे राष्ट्र कल्याण में सहायक होंगे। इस मौके पर अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमति सुषमा अग्रवाल, वरुण अग्रवाल और सलोनी अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# शिक्षकों ने टीईटी से छूट की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तरांचल राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले गदरपुर विकासखंड के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों ने तहसीलदार लीना चंद्रा गदरपुर के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं उत्तराखंड के य मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से छूट देने की मांग की गई।ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि सभी कार्यरत शिक्षक तत्कालीन सेवा नियमों के तहत नियुक्त हुए थे। सर्वोच्च न्यायालय के 1 सितम्बर 2025 के आदेश को 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर लागू करना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है, क्योंकि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2011 से लागू हुआ था और तभी से टीईटी को



अनिवार्य बनाया गया। कई कार्यरत शिक्षकों के पास वर्तमान समय में टीईटी परीक्षा देने की आवश्यक शैक्षणिक योग्यता भी नहीं है।शिक्षक संघ के अध्यक्ष संजीव बुधोरी ने कहा कि इस समस्या की जड़ शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 23 की उपधारा (2) में वर्ष 2017 में किया गया संशोधन है, जिसके बाद 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों पर भी टीईटी अनिवार्य कर दिया गया। जबकि एनसीटीई की 23 अगस्त 2010 की अधिसूचना के प्रस्तर (4) में स्पष्ट कहा गया है कि अधिसूचना की तिथि से पूर्व नियुक्त बेसिक शिक्षक प्रस्तर (1) में वर्णित योग्यता की शर्तों के अधीन नहीं हैं।शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस विषय पर सर्वोच्च न्यायालय में सुसंगत तथ्यों के साथ पुनर्विचार याचिका दायर की जाए। साथ ही, प्रधानमंत्री से मांग की गई कि एनसीटीई की अधिसूचना को ध्यान में रखते हुए शिक्षा का अधिकार (संशोधन) अधिनियम 2017 में संशोधन कर 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को स्थायी रूप से टीईटी से छूट प्रदान की जाए।ज्ञापन सौंपने के दौरान शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# परिवहन विभाग ने चेकिंग अभियान चलाकर काटे 27 वाहनों के चालान

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत एआरटीओ जितेन्द्र सिंह सिंगवान के नेतृत्व में बुधवार को नैनीताल रोड एवं इंस्प्रेशन स्कूल के आसपास क्षेत्र में व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान ऑटो, बस, टैक्सी सहित कुल 27 वाहनों के चालान विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन के चलते किए गए। चेकिंग अभियान के दौरान लाल डॉट रोड पर उत्तराखंड परिवहन निगम की काशीपुर डिपो की एक बस को सड़क के बीच में खड़ा कर ट्रैफिक बाधित करते हुए पाया गया। जब मौके पर एआरटीओ द्वारा बस की जांच की गई तो पाया गया कि बस चालक एवं मैकेनिक दोनों नशे की हालत में थे। प्राथमिक जांच में पुष्टि हुई कि वे शराब के प्रभाव में वाहन चला रहे थे। गौरतलब है कि यह बस काशीपुर से फिटनेस जांच के लिए हल्द्वानी आरटीओ कार्यालय आ रही थी तथा उस समय बस में कोई सवारी नहीं थी। बावजूद इसके, सार्वजनिक मार्ग पर इस प्रकार की लापरवाही को गम्भीर मानते हुए बस को आरटीओ कार्यालय हल्द्वानी में सीज कर दिया गया, और चालक को तत्काल प्रभाव से मुखानी थाने में पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। चालक के विरुद्ध ड्रंक एंड ड्राइव की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। एआरटीओ जितेन्द्र सिंह सिंगवान ने बताया कि इस प्रकार की लापरवाहियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आम जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है, और नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# पेपर लीक के खिलाफ सरकार का पुतला फूंका

रुद्रपुर(उदसंवाददाता)। उत्तराखण्ड सरकार में लगातार हो रहे पेपर लीक मामले में कांग्रेस ने राज्यभर में सड़कों पर उतर कर प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री का पुतला फूँका। इस अवसर पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सी पी शर्मा, उत्तराखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा, पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत संदीप चीमा, पूर्व मेयर प्रत्याशी ममता रानी, महामंत्री संघटन योगेश चौहान, पूर्व मेयर प्रत्याशी सुनील आर्य, एडवोकेट संजय आइस, अर्जुन विश्वास, उमा सरकार, निगम पार्षद



चिराग कालरा, बाबू खां, पूर्व पार्षद अबरार अहमद, मोहन भारद्वाज, अनिल शर्मा, विकास विश्वास, काजल चौहान, उमर खान, निसार अहमद, अमन जौहरी, एडवोकेट विट्टा जी, सेवाराम दिवाकर, सुभाष दिवाकर, रविंद्र गुप्ता, दिनेश मौर्य, पप्पू कोली, सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आठ सूत्रीय मांगों पर 37वें दिन भी अनिश्चितकालीन धरना जारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। आठ सूत्रीय मांगों को लेकर किसान महासभा बागजाला का धारणा 37 वें दिन भी जारी रहा। धरने के समर्थन में पहुंचे पूर्व प्रधान, पूर्व बीडीसी सदस्य अर्जुन सिंह बिष्ट ने कहा कि बागजाला को मालिकाना अधिकार देने की मांग का वह समर्थन करते हैं। गौलापार और चोरगलिया क्षेत्र में जो भी वन भूमि पर बसे हुए गांव हैं उन सभी को मालिकाना अधिकार के लिए इस धरने के मंच पर एक होकर लड़ाई लड़नी चाहिए। इतिहास में ऐसे मौके आते हैं जब हमें अपने को साबित करने का अवसर मिलता है और नई पीढ़ी के लिए एक आदर्श स्थापित करने का मौका मिलता है। धरने में डा उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश, विमला देवी, हेमा आर्य, डा कैलाश पाण्डेय, प्रेम सिंह नयाल, पंकज चौहान, मो परवेज, गोपाल सिंह बिष्ट, एम एस मलिक, चन्दन सिंह मटियाली, हेमा देवी, मीना भट्ट, हरक सिंह बिष्ट, सुरेश चन्द्र, दौलत सिंह कुंजवाल, हेमा बर्गली, सोहन लाल, भोला सिंह, रमेश चन्द्र, महेश राम, पार्वती, नसीम अहमद, मो यासीन, रेशमा, पुष्पा, मन्नू देवी, तुलसी, ऋषि मटियाली, चन्दन, दिनेश चन्द्र, रेखा रानी, शोभा, हरि गिरी, भगवती गोस्वामी, आनंद राम, सुनीता देवी, कुलदीप सिंह, बैजन्ती, देवकी, सलमा, सतपाल, हबीब अहमद, चम्पा, कमल किशोर, मारूफ अली, फरहा, नन्दी, पारवती, हीरा देवी, हेमा आर्य, सिद्धार्थ, महेन्द्र आर्य, सुषमा, साबी, चमन, मो हनीफ, देवकी, मंजू देवी, सरोज देवी, नंगाशु देव, रेनू देवी आदि शामिल रहे।

# अराजकता कतई बर्दास्त नहीं की जायेगी : भदौरिया

काशीपुर (उद संवाददाता)। मोहल्ला अली खां में हुई घटना को गम्भीरता से लेते हुए जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि अराजकता कतई बर्दास्त नही की जायेगी। अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। यह बात जिलाधि कारी ने काशीपुर एसपी कार्यालय में कानून व्यवस्था की बैठक लेते हुए कही। उन्होने सभी विभागीय अधिकारियों को क्षेत्र में सभी प्रकार की योजनाओं का सत्यापन करने का निर्देश दिये। मंगलवार को जिलाधिकारी ने मोहल्ला अली खॉ क्षेत्र का अधिकारियों के साथ मौका मुयायना किया। उन्होने मौके पर हटाये गये अतिक्रमणों का निरीक्षण करते हुए सभी नालियों की सफाई कराने के निर्देश नगर आयुक्त को दिये साथ उन्होने सड़कों पर अतिक्रमण करने वालो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये। एसपी कार्यालय में विगत दिनों हुई घटना की विस्तृत जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी ने नालियों से अतिक्रमण हटाने व सफाई कराने, हाउस टैक्स, दुकानों के लाइसेंस जॉच के साथ ही क्षेत्र में रह रहे लोगों का सत्यापन करने, वोटर लिस्ट सत्यापन, विद्युत संयोजनों, पेयजल संयोजनो व राशन कार्डो का शतप्रतिशत सत्यापन करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होने मोहल्ला अली खॉ क्षेत्र में रात्रि गस्ती करने के निर्देश पुलिस को दिये साथ ही उप खण्ड अधिकारी विद्युत को विद्युत संयोजनो का सत्यापन करते हुए जिन



लोगों के विद्युत बिल लम्बित है अथवा जिन घरो में विद्युत संयोजन नही है उनको नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होने पूर्ति अधिकारी को सघन अभियान चलाकर राशन कार्डो का सत्यापन करने के निर्देश दिये। जो लोग राशन कार्डो सत्यापन नही कराने उनके राशन कार्ड निरस्त करने के निर्देश भी दिये। क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक ने बताया कि विगत तीन दिन में 401 राशन कार्डो का सत्यापन किया गया जिसमे से 83 राशन कार्ड अपात्र पाये गये, जिनके निरस्तीकरण की संस्तुति कर दी गयी है। नगर आयुक्त ने बताया कि मोहल्ला अली खॉ में लगभग 200 अतिक्रमण हटाये गये। उप खण्ड अधिकारी विद्युत ने बताया कि विद्युत संयोजनो का सत्यापन किया जा रहा है, 13 विद्युत संयोजन विभिन्न कमियां पाये जाने पर काटे गये है। जिलाधिकारी ने सभी से अफवाहों पर कतई ध्यान न देने व शान्ति व सौहार्द का परिचय देने की अपील की। उन्होने कहा कि अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होने कहा अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, अपर पुलिस अधीक्षक अभय सिंह, नगर आयुक्त रविन्द्र बिष्ट, उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार पंकज चन्दोला, उप खण्ड अधिकारी विद्युत महक मिश्रा, क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षण मलकीत सिंह आदि मौजूद थे।

## शिव मंदिर की रामलीला में कैकई कोप भवन का मंचन

गदरपुर। शिव मंदिर रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला मंचन में मंगलवार की रात कैकई कोप भवन का भावपूर्ण दृश्य प्रस्तुत किया गया। इस सीन में महारानी कैकई ने राजा दशरथ से दो वरदान मांगते हुए भरत को अयोध्या का राजसिंहासन देने और श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास भेजने की मांग रखी।



कलाकारों ने अपने-अपने पात्रों का सजीव अभिनय कर दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।कार्यक्रम के दौरान सम्मान की कड़ी में चंदरखेड़ा और सिल्की खेड़ा के गणमान्य व्यक्तियों को कमेटी के अध्यक्ष जयकृष्ण अरोड़ा द्वारा मंच पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी उपस्थित रहे और पूरे उत्साह के साथ मंचन का आनंद लिया।

## दुर्गा मंदिर में विधि विधान से हुआ पूजन

किच्छा।पंतनगर झा कॉलोनी के दुर्गा मंदिर में बड़ी धूमधाम से नवरात्र शैलपुत्री दुर्गा पूजा के भजन कीर्तन का आयोजक शंभू प्रसाद ने किया था ।जिसमें पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डॉ गणेश उपाध्याय नवरात्रि व दुर्गा पूजा के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि पहला दिन माता पार्वती के एक रूप मां शैलपुत्री को समर्पित है, जो हमें शक्ति और सामर्थ्य की प्रेरणा देती हैं। आज लाल रंग की आभा में घट स्थापना का यह महापुनीत कार्य हमारे जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह



का संचार करेगा। मां शैलपुत्री हम सभी को सुख, समृद्धि और आत्मविश्वास की अनुभूति कराएं। इस अवसर पर किसान कांग्रेस के महामंत्री उत्तराखंड महिपाल सिंह बोरा, सहित वहां के स्थानीय संध्या भजन गायक श्री विनय कुमार, फुकाकर जोशी, खजाद सिंह, मुकेश , भुट्टी यादव, महबूब प्रसाद, सुनील , रीमा देवी ,सुगंधी देवी ,माधुरी देवी, संगीता देवी, कौशल्या देवी सोनू फागु प्रसाद प्रेम अनिल राम शिव गुप्ता हरिकेश यादव सहित दर्जनों लोगों उपस्थित थे।

## श्री राम बारात का पुष्प वर्षा के साथ किया स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)उद संवाददाता। इंदिरा कॉलोनी में शिव नाटक क्लब की ओर से किये जा रहे रामलीला मंचन के अंतर्गत भगवान श्रीराम की भव्य बारात का आयोजन धूमधाम से किया गया। धार्मिक उल्लास और श्रद्धा के साथ निकाली गई इस दिव्य बारात का आर.एस. साइकिल स्टोर पर प्रतिष्ठान स्वामी राजकुमार सीकरी सहित तमाम लोगों ने फूल-मालाओं और मिष्ठान्न वितरण के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में



श्रद्धालुओं ने भाग लिया और श्रीराम के जयकारों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। बारात में शामिल सभी श्रद्धालुओं को मिष्ठान और पुष्पों के माध्यम से सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम में उल्लास और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। स्वागत करने वालों में श्याम लाल चावला, नीरज बत्रा, अजय फुटेला, पवन गाबा, मनोज कक्कड़, पंकज बत्रा, चेतन खनिजो, बंटी कालड़ा, जुगनू अरोड़ा, तनिष्क सीकरी, नमन नारंग, नमन कक्कड़ आदि मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य शिविरों में 23,580 लाभार्थी हुए लाभान्वित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। स्वास्थ्य सेवा पखवाड़े के अंतर्गत जनपद ऊधमसिंह नगर के विभिन्न क्षेत्रों में आज कुल 207 चिकित्सा केंद्रों पर 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' थीम पर बहुउद्देशीय स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कुल 23,580 लाभार्थियों को विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। शिविरों में हृदय रोग (हाइपरटेंशन) की जांच में 7,118, मधुमेह की जांच में 7,732, सर्वाइकल कैंसर के 77, ब्रेस्ट कैंसर के 77, तथा ओरल कैंसर के 4,742 लाभार्थियों की स्क्रीनिंग की गई। यह आयोजन महिलाओं, किशोरियों और आम नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।



स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से 4278 गर्भवती महिलाओं ने एएनसी (।छब) चेकअप करवाया, वहीं 2409 किशोरियों को माहवारी स्वच्छता से संबंधित परामर्श दिया गया। इसके अतिरिक्त 239 लाभार्थियों को पोषण परामर्श, और 364 महिलाओं को एमसीपी कार्ड वितरित किए गए। टीबी उन्मूलन अभियान के तहत 3,799 लोगों की टीबी जांच की गई, जबकि 41 नये शनि क्षय मित्रोंश का पंजीकरण भी किया गया। साथ ही 329 लाभार्थियों की आभा आईडी (।ठभ। प्क) बनाकर डिजिटल स्वास्थ्य प्रणाली से जोड़ा गया। ईख्ररक्तकोष (म-तंजावी) हेतु 929 लोगों ने पंजीकरण कराया, और इस अवसर पर 84 स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर दूसरों के जीवन रक्षा में भागीदारी निभाई। इस व्यापक आयोजन के क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.के. अग्रवाल ने स्वयं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर और आयुष्मान आरोग्य मंदिर छिनकी, किच्छा का निरीक्षण कर शिविरों में दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देशित किया कि पखवाड़े के दौरान आने वाले प्रत्येक लाभार्थी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित कराई जाएं।

## छात्र-छात्राओं ने सीखी उत्तराखंड की पारंपरिक ऐपण आर्ट

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।सरदार भगत सिंह गवर्नमेंट पी.जी. कॉलेज में दो दिवसीय आर्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर में पहचान बना विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि यह कला उत्तराखंड के पर्व-त्योहारों, संस्कारों और धार्मिक आयोजनों का अभिन्न अंग रही है। छात्रों को कला की पारंपरिक प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर निधि बारी ने कहा कि कला केवल एक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत को संजोने और



चुकीं प्रख्यात लोक कलाकार श्रीमती निधि बारी ने छात्रों को उत्तराखंड की पारंपरिक लोककला ऐपण आर्ट की बारीकियाँ सिखाईं। कार्यशाला के पहले दिन निधि बारी ने उत्तराखंड की ऐपण कला के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को तकनीकों को व्यवहारिक रूप से सीखने का अवसर दिया गया, जहां उन्होंने अपने हाथों से आकर्षक आर्ट वर्क तैयार किए। विद्यार्थियों में खासा उत्साह और रुचि देखने को मिली। दूसरे दिन वर्कशॉप के समापन समारोह में प्रतिभागी छात्रों को अगली पीढ़ियों तक पहुँचाने का एक माध्यम है। मेरा प्रयास है कि मैं लोककला को सिर्फ एक परंपरा के रूप में नहीं, बल्कि एक समकालीन पहचान के रूप में स्थापित कर सकूं। कॉलेज प्रशासन की ओर से इस पहल की सराहना की गयी।

## हर व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ : फरजाना

जसपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जनहित में संचालित की जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर तक बैठे हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। इन योजनाओं की जानकारी सभी को होनी चाहिए और इनका लाभ उठाना चाहिए। यह बात जसपुर विधानसभा में अल्पसंख्यक समाज के साथ संवाद करते अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम ने उपस्थित लोगों से कही। उन्होंने अल्पसंख्यक समाज के बीच पहुँचकर उनसे संवाद किया और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विस्तारपूर्वक साझा की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का पूरा विवरण दिया। अल्पसंख्यक समाज के लिए उनके विशेष प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। फरजाना बेगम ने



कहा मुख्यमंत्री ने हमेशा यह सुनिश्चित किया है कि समाज के हर वर्ग को उनके अधिकार और सुविधाएँ बिना किसी भेदभाव के मिले। उनके नेतृत्व में लागू किए गए यूसीसी कानून ने अल्पसंख्यक समाज, विशेषकर महिलाओं के लिए नया मील का पत्थर स्थापित किया है, जो उनके सशक्तिकरण और समाज में समानता लाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।फरजाना बेगम ने सिख समाज के लोगों से मुलाकात की और गुरुद्वारे में पहुँचकर उनकी समस्याओं को समझा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए और लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला महामंत्री सुशील शर्मा, भरतपुर मेघावाला मण्डल अध्यक्ष राजकुमार गुम्बर, पूर्व ब्लॉक प्रमुख दलजीत सिंह,महिला मोर्चा सुश्री आकांक्षा ठाकुर,क्षेत्र पंचायत सदस्य हरजिंदर सिंह बिट्टू, कर्णपुर प्रधान हरि ओम,मण्डल महामंत्री एवं प्रधान सतपाल सिंह, मण्डल उपाध्यक्ष सुरेश लोहिया, जिला उपाध्यक्ष जिला कार्यालय मंत्री विक्की, पूर्व सह संयोजक डॉ. एमपी, गुरजीत सिंह, मण्डल महामंत्री हरप्रीत सिंह हैप्पी,रवि साहनी (सांसद प्रतिनिधि) सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बाजार में नया यूरिनल स्थापित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र वीर हकीकत राय मार्ग पर लंबे समय से सार्वजनिक सुविधा की मांग अब पूरी हो गई है। पार्षद चिराग कालड़ा के प्रयासों और महापौर विकास शर्मा की तत्परता के चलते यहां नया यूरिनल (मूत्रालय) स्थापित कर दिया गया है। इस क्षेत्र के व्यापारियों और राहगीरों को काफी समय से शौचालय की सुविधा न होने से दिक्कतों का सामना करना पड़



रहा था। समस्या को गंभीरता से लेते हुए पार्षद चिराग कालड़ा ने महापौर से अनुरोध किया, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए महापौर ने सीआरएस फंड के तहत समाधान सुनिश्चित किया। नगर निगम ने सिडकुल स्थित ऑटोकॉम्प कॉर्पोरेशन पान्से प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से यह यूरिनल स्थापित कराया है। नगर निगम और कंपनी के संयुक्त प्रयास से यह सुविधा अब जनता के लिए उपलब्ध है। क्षेत्रीय व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने इस कार्य के लिए पार्षद चिराग कालड़ा और महापौर विकास शर्मा का आभार जताया है।

# दे चरणा दा प्यार, माई नी मैनू रख ले सेवादार

## श्री नीलकंठ धाम मंदिर में दूसरे नवरात्र पर चौकी एवं दरबार में गूंजे भजनों के मधुर स्वर, सैकड़ों भक्त हुए भावविभोर

रुद्रपुर। शारदीय नवरात्र के शुभ अवसर पर रुद्रपुर स्थित गंगापुर रोड स्थित श्री नीलकंठ धाम मंदिर में मंगलवार को आयोजित माता की चौकी एवं दरबार ने भक्तिमय माहौल बना दिया। मंदिर प्रांगण में चले इस दिव्य आयोजन में सैकड़ों भक्तों ने भाग लेकर महामाई व भोले बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया और भक्ति रस में सराबोर होकर झूमते-नाचते दिखाई दिए। द्वितीय नवरात्र पर श्री नीलकंठ धाम चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश बाठला के परिवार द्वारा माता की चौकी का भव्य आयोजन किया गया। दरबार का शुभारंभ विधिविधान पूर्वक दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके उपरांत गणपति वंदना, श्रीराम स्तुति, हनुमान चालीसा, बालाजी महाराज, श्री भैरवनाथ व प्रेतराज की आरती के साथ दरबार का शुभारंभ हुआ। दरबार में प्रस्तुत किए गए एक से बढ़कर एक भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भजन गायक सुमित वार्ष्णेय ने "भोले दी बारात चढ़ी सज-धज के" और "नच्चो गाओ भगतो, अज है जगराता" गाकर श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया। वहीं विनीत अरोड़ा ने "मन लेके आया मातारानी के भवन में" व "इक तू सच्ची सरकार माँ झंडियां वाली" भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। पवन खनिजो ने "बम भोले बम" और "नाम मेरी राधा रानी का" सुनाकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वंशिका मनोचा ने "मैं तो हो गई दिवानी तेरे नाम की" प्रस्तुत कर तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी। इसके अतिरिक्त अनेक गायकों द्वारा प्रस्तुत किए गए भजनों ने दरबार को चरम पर पहुंचा दिया। दरबार के दौरान महंत विकास शर्मा पर भोले बाबा, माता रानी और बालाजी महाराज की दिव्य शक्तियों का अवतरण हुआ। उपस्थित श्रद्धालुओं ने मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया और अपने परिवार की सुख-शांति व समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर जगदीश बाठला परिवार के साथ-साथ शहर के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिनमें विवेक दीप सिंह, अमित अरोड़ा बॉबी, राकेश सुखीजा, आकाश कटारिया, हितेश ठुकराल, साहिल अरोड़ा, सीए करुण गुप्ता, पम्मी सुखीजा, हरवेश मनोचा, संदीप मनोचा, ललित नारंग, समीर गौड़, मोहित अरोड़ा, विजय तोमर, दीपक शर्मा, राजीव मनोचा, अनुज शर्मा, रोहित मदान, देवेंद्र गिरी, मुकेश शर्मा, चंदन सक्सेना, अमन खुराना, दीपक पुंशी, हरजीत राठी, पवन खनिजो, पवन रंगीला, सुशील नारंग, राघव बठला, गौरव खुराना, सोनू, संदीप वाल्मीकि, मुकेश भटनागर, काशीराम, रवींद्र वार्ष्णेय आदि प्रमुख रहे। महिलाओं में मीना वार्ष्णेय, यशी वार्ष्णेय, सीमा नारंग, संगीता बठला, सिमरन बठला, कंचन नारंग, पूनम मदान, नीलू खुराना, गीता शर्मा, भूमिका शर्मा, सुमन मनोचा, अनीता मनोचा, विमला सक्सेना, श्वेता, नेहा अरोड़ा, प्रिया मनोचा, मोना खुराना, राजेंद्र कौर, गुरमीत कौर, इंद्रजीत कौर, मुस्कान खनिजो, सीमा रानी, राम बेटी, चिका शर्मा, शालू राठी सहित सैकड़ों भक्त-भक्तानियां शामिल हुईं।








# राम बारात के भव्य आयोजन में उमड़ा श्रद्धा और उत्साह का सैलाब

रुद्रपुर। नगर की मुख्य रामलीला में मंगलवार की सायं आयोजित राम बारात का दृश्य श्रद्धा और आस्था से सराबोर नजर आया। भगवान श्रीराम की बारात जब श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से निकली और जनकपुरी के रूप में सजाए गए शक्ति विहार स्थित सोनू चावला के निवास पर पहुंची, तो हर कोई इस अद्भुत झांकी को देखकर भाव-विभोर हो उठा। पूरे मार्ग पर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी और जगह-जगह बारात का भव्य स्वागत किया गया। राम बारात में पात्रों ने अपनी सजीव प्रस्तुति से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसमें राम की भूमिका में मनोज अरोरा, सीता की भूमिका में दीपक अग्रवाल, लक्ष्मण की भूमिका में गौरव जग्गा, भरत की भूमिका में प्रेम खुराना, शत्रुघ्न की भूमिका में सचिन मुंजाल, दशरथ की भूमिका में प्रेम खुराना, राजा जनक की भूमिका में मोहन लाल भुड्डी, विश्वामित्र की भूमिका में सुभाष तनेजा, वशिष्ठ के रूप में नीतिश धीर, शंकर की भूमिका में विशाल, नारद जी व विष्णु जी के साथ अन्य पात्रों ने मंच को जीवंत कर दिया। हास्य कलाकारों रामकृष्ण कन्नौजिया, कुक्कू शर्मा, गोगी नरूला और गोला ईदरीसी ने भी अपनी चुटीली प्रस्तुतियों से दर्शकों को खूब गुदगुदाया। इस अवसर पर नगर की अनेक नामी हस्तियां भी मौजूद रहीं। विधायक शिव अरोरा, मेयर विकास शर्मा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष सीए अमित गंभीर, संयोजक नरेश शर्मा, संजय जुनेजा, पवन गाबा सहित चावला परिवार के सदस्यों ख्र कैलाश रानी, सुरेश चावला, सोनू चावला, डिंपल चावला, नेहा चावला, खुशी चावला और वर्षा अरोरा ने विशेष सहयोग किया। वहीं समाजसेवी कैलाश खुराना, सुभाष खंडेलवाल, ओमप्रकाश अरोरा, महावीर आजाद, सुशील गाबा, अमित अरोरा बोबी, हरीश अरोरा, राकेश सुखीजा, विशाल भुड्डी, गौरव तनेजा, आशीष ग्रोवर आशू, गुरशरण बब्बर शरणी, गौरव बेहड़, सचिन आनंद, विजय विरमानी, अमित चावला, संजय ठुकराल समेत बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सैकड़ो की संख्या में जुटे श्रद्धालुओं ने इस धार्मिक आयोजन का आनंद लिया। पूरे आयोजन का मंच संचालन वरिष्ठ समाजसेवी हरीश धीर और मंच सचिव विजय जग्गा ने किया। राम बारात का यह भव्य आयोजन नगर में धार्मिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करता है।




# अनाज मण्डी रामलीला कमेटी ने धूमधाम से निकाली राम बारात

गदरपुर(उद संवाददाता)। अनाज मंडी रामलीला कमेटी के तत्वावधान में मंगलवार की शाम भगवान श्रीराम की भव्य बारात धूमधाम से निकाली गई। कमेटी के अध्यक्ष श्री रविंद्र बजाज के नेतृत्व में निकली यह शोभायात्रा पंजाबी कॉलोनी से होती हुई नगर के मुख्य मार्गों से होकर पुन: रामलीला भवन पर संपन्न हुई।बारात में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न अपने गुरु विश्वामित्र के साथ रथों पर विराजमान होकर नगरवासियों को दिव्य दर्शन करा रहे थे। वहीं आगे दो सजे-धजे घोड़ों पर राजकुमार भुड्डी और अशोक पोपली विराजमान थे, जिन्होंने शोभायात्रा में विशेष आकर्षण जोड़ा।राम बारात में कमेटी के सभी सदस्य नाचते-गाते, झूमते हुए ष्जय श्रीरामष् के गगनभेदी नारे लगाते आगे बढ़ते रहे। गदरपुर का न्यू जनता बैंड और रुद्रपुर से आए बैंड ने अपनी मधुर धुनों और भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर बारात का भव्य स्वागत किया और श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की। इसी क्रम में शिव मंदिर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष जयकिशन अरोड़ा ने भी राम बारात के लिए विशेष जलपान व्यवस्था कर आयोजन को और भव्यता प्रदान की।इस धार्मिक आयोजन में भारी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे और श्रीराम के दिव्य स्वरूप का आनंद लेते हुए आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया इस दौरान रविंद्र बजाज, अशोक धीर, किशनलाल अनेजा, श्यामलाल सुखीजा, धर्मचंद खेड़ा, विशु भुसरी, विजय छाबड़ा, मनोज बजाज, जगदीश भुड्डी, राजकुमार भुड्डी, ऋषि भुसरी, लेखराज भुड्डी, लेखराज नागपाल, किशन लाल बत्रा, विजय सुखीजा, अजय खेड़ा, मुनि भुसरी, अनमोल भुड्डी, अंकुर चावला, पारस धवन, सतीश छाबड़ा, अशोक हुड़िया, कृष्ण लाल सुधा, रविंद्र वीर सिंह, अनिल सुधा, निर्मल नारंग, रजत कालड़ा, सागर अनेजा, अनु अनेजा, प्रवीण गगनेजा, मिट्ठू सुखीजा टीकम खेड़ा सिद्धांत भुसरी आलोक गाबा सागर कालरा कपिल छाबड़ा धीरज इश्पूजानी सहित भारी संख्या में लोग शामिल थे।




# सड़कें घेरकर कारोबार करने वालों पर एक्शन

## सड़कें होंगी साफ, अतिक्रमणकारियों की खैर नहीं,महापौर ने संयुक्त टीम के साथ पैदल भ्रमण कर अतिक्रमणकारियों को दी अंतिम चेतावनी

रुद्रपुर। त्योहारों के मौसम में शहर की सड़कों को जाम से मुक्त रखने और बाजार व्यवस्था को सुचारु बनाने के उद्देश्य से मंगलवार शाम महापौर विकास शर्मा और नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल के नेतृत्व में नगर निगम, पुलिस, यातायात विभाग और व्यापार मंडल पदाधिकारियों की संयुक्त टीम ने पैदल भ्रमण कर शहर के मुख्य मार्गों और बाजार का निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क लगी कई ठेलियां हटाने के साथ ही व्यापारियों द्वारा सड़क पर रखा गया सामान भी हटाया गया। इस निरीक्षण के दौरान फड़ लगाकर सड़क घेरने वाले और दुकानों का सामान सड़कों पर फैलाने वाले व्यापारियों को सख्त हिदायत दी गई। महापौर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब यह आखिरी चेतावनी है। यदि इसके बाद भी किसी ने तय सीमा का उल्लंघन किया तो उसके खिलाफ न केवल चालान की कार्रवाई की जाएगी, बल्कि सामान भी जब्त किया जाएगा। नगर निगम की टीम ने निरीक्षण के दौरान सड़कों के दोनों ओर सफेद पट्टी खींचते हुए चिन्हांकन भी किया, जिसके बाहर कोई भी दुकानदार सामान नहीं रख सकेगा। निरीक्षण की शुरुआत अग्रसेन चौक से हुई, जहां महापौर ने चौक के कोने पर जाम का कारण बनी फलों की ठेलियों को तत्काल हटवाने के निर्देश दिए। इसके बाद टीम ने काशीपुर बाईपास और मुख्य बाजार की गलियों में भ्रमण कर जमीनी स्थिति का जायजा लिया। कई स्थानों पर दुकानों के बाहर सड़क तक सामान फैला हुआ मिला, जिस पर महापौर और नगर आयुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अब तक जो मनमानी चल रही थी, वह अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि शहर को जाम से मुक्त करना केवल पुलिस या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें आम नागरिकों और व्यापारियों को भी पूरी भागीदारी निभानी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि बाजारों में सड़कों पर सामान सजाने की प्रवृत्ति के कारण अब लोग बाजार आने से भी कतराने लगे हैं, जिसका प्रतिकूल असर खुद व्यापारियों के व्यवसाय पर पड़ रहा है। यदि सभी व्यापारी सहयोग करें तो व्यवस्था सुधर सकती है और बाजार में रौनक भी लौट सकती है। महापौर ने कहा कि आने वाले दिनों में दीपावली को देखते हुए नगर निगम और पुलिस प्रशासन सख्त कदम उठाने जा रहा है। इस बाद दीपावली बाजार को मुख्य बाजार से हटाकर गांध ी पार्क में लगाया जायेगा। साथ ही इस बाजार में सिर्फ स्थानीय पंजीकृत फड़ व्यापारियों को ही दुकान लगाने की अनुमति होगी। बाहरी व्यक्ति बाजार में दुकान नहीं लगा सकेंगे। इसके लिए सभी फड़ व्यापारियों को नगर निगम में पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा मुख्य बाजार में शाम चार बजे से रात आठ बजे तक चारपहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई जाएगी। वाहन पार्किंग की वैकल्पिक व्यवस्था गांधी पार्क में की जा रही है। इसके साथ ही नगर निगम और पुलिस की संयुक्त निगरानी टीम बनाई जा रही है जो रोजाना बाजार का निरीक्षण करेगी और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। महापौर ने कहा कि शहर की स्थिति तभी सुधरेगीजब हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझेगा। अतिक्रमण मुक्त और व्यवस्थित बाजार न केवल आम जनता की सुविधा के लिए आवश्यक है, बल्कि व्यापारिक वातावरण को भी बढ़ावा देता है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, सीओ प्रशांत कुमार, यातायात निरीक्षक नरेन्द्र कुमार आर्य, चौकी इंचार्ज नवीन बुधानी,पियूष रंजन, देवभूमि व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, पार्षद चिराग कालड़ा, पारस चुघ, राजेश कामरा, धर्मेन्द्र शर्मा, राजन राठौर, सुनील ठुकराल,राजेंद्र कुमार,संदीप कुमार , अमित अरोरा सहित अनेक जन प्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी रहे।







# कमिश्नर ने तहसील का किया औचक निरीक्षण

## सुपरवाइजर कानूनगो के घर मिली कई फाइलें, कार्रवाई के आदेश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमाऊं आयुक्त व सचिव मुख्यमंत्री, दीपक रावत ने मंगलवार को हल्द्वानी तहसील का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री के निर्देश हैं कि तहसील, सब-रजिस्ट्रार ऑफिस जैसे कार्यालय ऐसे हैं जहाँ आम जनता का रोजाना संपर्क होता है। इनकी समय-समय पर जाँच आवश्यक है और प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। इस क्रम में यह निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने तहसील परिसर की सफाई, शौचालय, पार्किंग व्यवस्था और सुरक्षा से संबंधित प्रावधानों की समीक्षा की। उन्होंने मुख्य गेट पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, शौचालयों की नियमित सफाई और जल आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा पार्किंग क्षेत्र को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए। गत वर्ष से लंबित प्रकरणों सहित इस वर्ष 1 जनवरी से अब तक कुल 7000 प्रकरण तहसील में दर्ज हैं, जिनमें से 1044 लंबित हैं।



आयुक्त ने निर्देश दिए कि पुराने मामलों की सुनवाई में लंबी तिथियां न दी जाएँ और तीन साल से अधिक पुराने मामलों को अगले तीन माह में निस्तारित किया जाए। आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि सुपरवाइजर कानूनगो द्वारा धारा 143 से संबंधित अभिलेख अपने घर पर रखी गई थीं। आयुक्त स्वयं उनके घर पहुंचे और फाइलों की जांच की। उन्होंने इसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए संबंधित कानूनगो के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारी को भी निर्देशित किया कि सभी फाइलों की जांच की जाए और इस प्रकार की पुनरावृत्ति न हो। इसके अलावा, तहसील में दाखिल खारिज और नोटशीट संबंधी प्रक्रियाओं की समीक्षा की गई। कुछ मामलों में नोटशीट में वर्तमान स्थिति और कार्यवाही का विवरण नहीं लिखा गया था। इन मामलों में भी निर्देश दिए गए कि संबंधित आदेशों का पालन सुनिश्चित किया जाए और रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत की जाए। साथ ही यह जानकारी मिली कि इस वर्ष अब तक 3.45 करोड़ रुपए की वसूली हो चुकी है और 4.99 करोड़ रुपए की वसूली अभी और होनी है। आयुक्त ने संतोष व्यक्त किया और निर्देश दिए कि वसूली मामलों की सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाए। आयुक्त ने कहा कि हल्द्वानी तहसील में व्यवस्थाओं और प्रक्रिया सुधार के लिए निरंतर निगरानी की जाएगी। सभी अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण, पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जनता को सुचारु और भरोसेमंद सेवा उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के समय सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, तहसीलदार मनीषा बिष्ट सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 46 रक्तदाताओं ने किया महादान

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा रुद्रपुर की ओर से मंगलवार राजकीय ब्लड बैंक के सहयोग से भगवानपुर स्थित आरआईटी कॉलेज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कॉलेज के छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। 46 रक्त वीरों ने महादान किया जिसमें 40 से अधिक ने पहली बार रक्तदान किया। ब्लडबैंक की ओर से सभीरक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र व उपहार दिए गए। शिविर का उद्घघाटन ब्लड बैंक के इंचार्ज जितेंद्र सिंह बर्तवाल , आर आई टी के निदेशक डॉक्टर राजीव तोमर व शाखा अध्यक्ष हरीश ग्रोवर द्वारा मां भारती व स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात ब्लड बैंक से आई हुई टीम ने रक्त संग्रहित किया।इस अवसर पर शाखा की ओर से शीशपाल सिंह, डॉ पवन कक्कड़, हेमेंद्र गंगवार, विकास गोयल, लक्ष्य अग्रवाल, अक्षय महेश्वरी,संजय राधू आदि ने सहयोग किया। अंत में ब्लड बैंक की ओर से आर आई टी व विवेकानंद शाखा को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।



# इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स डिफेंडर की कार्यकारिणी घोषित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। होटल रुद्रा कॉन्टिनेंटल में आयोजित कार्यक्रम में इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स डिफेंडर द्वारा उत्तराखंड राज्य कार्यकारिणी की औपचारिक घोषणा की गई। इस महत्वपूर्ण अवसर पर संगठन के चेयरमैन मनीकेतन पटनायक और प्रदेश अध्यक्ष राजेश चावला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठन के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली और सामाजिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। चेयरमैन मनीकेतन पटनायक ने जानकारी दी कि यह संस्था संयुक्त राष्ट्र एवं इकोनॉमिक एंड सोशल काउंसिल से मान्यता प्राप्त है और वैश्विक स्तर पर मानवाधिकारों की रक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और न्यायसंगत समाज की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सतत कार्य कर रही है। प्रेस वार्ता के दौरान उत्तराखंड राज्य की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए चेयरमैन पटनायक ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को मानवाधिकारों की रक्षा और सामाजिक न्याय के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि ष्हमारा उद्देश्य है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय, सुरक्षा और समानता की भावना पहुंचे। घोषित राज्य और जिला कार्यकारिणी में प्रदेश अध्यक्ष राजेश चावला, प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक पुंशी, प्रदेश सचिव अभिषेक खेड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रकाश भारद्वाज, जिला अध्यक्ष उधमसिंह नगर कुलदीप सिंह खरबंदा जिला महिला अध्यक्षा उधमसिंह नगर डॉ. लक्ष्मी भुटियानी, जिला महामंत्री रिंकू चावला, जिला अध्यक्ष नैनीताल शंकर भुटियानी को बनाया गया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि संगठन न केवल भारत में, बल्कि विदेशों में भी 400 से अधिक सक्रिय शाखाओं के माध्यम से कार्यरत है। इसका अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय कुवैत में स्थित है, जबकि भारत के 28 राज्यों में इसकी मजबूत उपस्थिति है। संगठन को संयुक्त राष्ट्र द्वारा विशेष परामर्शदाता दर्जा, यूएनई की मान्यता और आईएसओ 9001:2015 प्रमाणन प्राप्त है। संगठन द्वारा जारी पहचान पत्र धारक हजारों सदस्य समाज में विभिन्न स्तरों पर कार्यरत हैं। संगठन को वैश्विक स्तर पर सबसे तेजी से उभरते हुए टॉप-10 ब्रांड्स में भी शुमार किया गया है।



# रात को होगा मुख्य बाजार और सिविल लाइन रोड का निर्माण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने राज्य योजना के अंतर्गत स्वीकृत मुख्य बाजार और सिविल लाइन रोड के दो किलोमीटर लंबे मार्ग के हॉटमिक्स निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दे दिए हैं। विधायक ने यह सुनिश्चित किया है कि बाजार में चल रहे व्यापार को प्रभावित किए बिना रात्रिकालीन समय में ही सभी सड़क निर्माण कार्य पूरे किए जाएंगे, ताकि व्यापार सामान्य रूप से चलता रहे।यह मार्ग राज्य योजना से स्वीकृत हैं और इनका शिलान्यास बरसात से पहले पंजाबी मार्केट गली में विधायक शिव अरोरा द्वारा फीता काटकर किया गया था। हालांकि, उत्तराखंड में लंबे समय तक चले भारी मानसून के चलते निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। अब मौसम अनुकूल होने पर कार्य प्रारंभ किया जा रहा है।इसी क्रम में विधायक शिव अरोरा ने मुख्य बाजार पहुंचकर व्यापार मंडल और स्थानीय व्यापारियों से संवाद किया, जिसमें लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में आपसी सहमति से निर्णय लिया गया कि बाजार क्षेत्र की सड़कें रात्रिकालीन समय में बनाई जाएंगी, ताकि दिन में व्यापार बाधित न हो।विधायक अरोरा ने कहा कि यह निर्माण कार्य डॉ. कॉलोनी सिविल लाइन रोड, पंजाबी मार्केट, वीर हकीकत राय मार्ग, गुप्ता मेडिकल गली, गुरुद्वारा गोल मार्केट, पांच मंदिर मार्ग आदि क्षेत्रों में किया जाएगा, जो वर्षों से जर्जर हालत में हैं और बारिश के बाद स्थिति और भी खराब हो चुकी है। उन्होंने कहा कि इन मार्गों का सुधार न केवल शहर की सौंदर्य और संरचना को बेहतर बनाएगा, बल्कि ग्राहकों और व्यापारियों के लिए भी आवागमन आसान होगा।विधायक ने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि चूंकि त्योहारी सीजन निकट है, इसलिए कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए और व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि कार्य गुणवत्ता पूर्ण और समयबद्ध हो।इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग से अधीक्षण अभियंता अमित पंगति, अधिशासी अभियंता गजेंद्र कुमार, ईई प्रेम प्रकाश पंत, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, देवभूमि व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष गुरमीत सिंह, राजकुमार खनिजो, प्रीतम अरोरा, संजीव अरोरा, अमित अरोरा, अंशुल ठुकराल, गुरदीप अरोरा, सोनू अरोरा, मनोज मदान, राजेश कामरा, वासु गुम्बर समेत कई व्यापारी गण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# जातिगत भेदभाव पर अंकुश


हमारे समाज में जातिगत भेदभाव से जुड़ी धारणा की जड़ें इतने गहरे तक फैली हुई हैं कि तमाम कोशिशों के बावजूद ये आज भी समूल नष्ट नहीं हो पाई है। शहरों में भले ही अब इसका असर कम होने लगा है, लेकिन ग्रामीण इलाकों में हालात जस के तस बने हुए हैं। हालांकि, देश में शिक्षा के स्तर पर काफी तरक्की हुई है, मगर यह उन्नति भी अपेक्षा के अनुरूप सामाजिक सोच में बदलाव की वाहक नहीं बन पाई है।इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पुलिस के दस्तावेजों में आरोपियों का जातिगत ब्योरा दर्ज नहीं करने समेत अन्य संबंधित आदेशों को जाति के आधार पर भेदभाव खत्म करने और समाज में समानता लाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।राज्य सरकार ने वाहनों पर जाति-आधारित स्टिकर लगाने या नारे लिखने को भी प्रतिबंधित कर दिया है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है। यानी अब अपनी जाति का प्रदर्शन कर दूसरों पर धौंस जमाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी, जो निश्चित तौर पर सराहनीय निर्णय है।दरअसल, जातिगत भेदभाव न केवल व्यक्ति को सामाजिक और मानसिक स्तर पर चोट पहुंचाता है, बल्कि उसके आर्थिक, नैतिक और सांस्कृतिक हित भी प्रभावित होते हैं। समाज और व्यवस्था में जातिगत पूर्वाग्रह के कारण पीड़ित व्यक्ति को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उत्तर प्रदेश में सरकार का यह आदेश हाल में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक फैसले के अनुपालन में लिया गया है। सरकारी आदेश में कस्बों और गांवों में ऐसे बोर्ड या संकेतों को हटाने के लिए भी कहा गया है, जो जातिगत पहचान को इंगित करते हैं या किसी क्षेत्र को जाति विशेष से संबंधित बताते हैं। माना जाता है कि कुछ लोग समाज में अपना दबदबा बनाने के लिए इस तरह के संकेतों का इस्तेमाल करते हैं, जो वास्तव में जाति के आधार पर भेदभाव पैदा करता है। ऐसे में उत्तर प्रदेश में हुई पहल को देश के दूसरे इलाकों में भी उतारने की कोशिश होनी चाहिए, ताकि जाति से जुड़ी ग्रंथियों को और उसके आधार पर जारी भेदभाव को खत्म करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें।

# माता जिनको याद करे..वो लोग निराले होते हैं

## श्री दुर्गा मंदिर में भगवती जागरण आयोजित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री दुर्गा मंदिर में पावन नवरात्रि के द्वितीय दिवस पर मां भगवती का जागरण आयोजित किया गया। । जिसमें गायक कलाकारों ने मां के भजनों को गाकर मां की महिमा का गुणगान किया। सर्वप्रथम पंड़ित नवीन शास्त्री द्वारा जजमानों अजय चावला, रिया चावला, नीलू चावला, साहिल चावला, वन्दना चावला, अंकित चावला, महक चावला, मानिक चावला, सृष्टि चावला, विवेक चावला, सेरों चावला , रिद्धिम चावला, जक्श चावला, अनविका चावला, कियान चावला के साथ मां की विधिवत पूजा अर्चना करवाई। तत्पश्चात अमित अरोरा ने गुरू वंदना, मां का आव्हान, गणेश वन्दना के बाद फूलों की वर्षा के भजन गार्ये। भजन गायक राकेश चिलाना हैप्पी ने जय जय मां पहाड़ां वाली तेरी जयजय कार, मेरा बेड़ा बन्ने ला पहाड़ां वालिए, बच्चेयां वल आ माईये चरणी विच डिगयां नूं तूं दर्श दिखा माईये, चूड़ियां चढ़ावां मैं लाल लाल मैया तूं पहाड़ां विच लाडला दीवाना बैठा परदेश तू मेरी लाडली मां, घर घर विच ज्योतां जगियां अज दिन भागां वाला आया, दिल्ली से आये मास्टर बॉबी ने मेंनू नाम दी मस्ती चड़ गई मैं कमली हो गई, चलो चलिए ज्योति दे द्वारे चलो दाती ने घर पर बुलाया है, माता जिनको याद करे वो लोग निराले होते हैं माता जिनका नाम पुकारे वो किस्मत वाले होते हैं, दिल वाली पालकी विच तैनूं मैं मां बैठाना है चल मेरे नाल तेंनूं घर लेके जाना है। शिवा बेनवाल ने भी मां की महिमा का गुण गान किया। इस दौरान सारा वातावरण मां के जयघोषों से गुंजायमान होता रहा। मध्य रात्रि तारा रानी की कथा सुनाई गई। प्रातः आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर रेनू अरोरा, देवेन्द्र कुकरेती, गुरशरण बब्बर, किशन नारंग, अनिल अरोरा, जुगनू, सुमन ग्रोवर, दीपक अरोरा, नरेश सचदेवा, कृष्ण मुरारी धीर, पवन गाबा, श्वेता गाबा, मुदित गाबा, अंजू ठक्कर, मंजू बाम्बा, सिमरन, पिंकी मल्होत्रा, आशा गाबा, मंजू बब्बर, नीलम अरोरा, वेद ठुकराल, श्याम मदान, नरेन्द्र अरोरा, विद्या अरोरा, मुंगालाल, दीपक बठला, अनिल अरोरा, कन्हैया लाल, नितिश धीर, हर्षित कटारिया, कोमल कटारिया, सुरेश चावला, राजेन्द्र श्रीधर, अरविन्द, मोहित बत्रा, डा. नारायणदास अदलखा, मोहित कक्कड़, स्वाति कक्कड़, कमल चिलाना, पूर्वी गुप्ता, सुधीर अरोरा, श्वेता कक्कड़, अजय चड्डा, अमित अरोरा बॉबी आदि मौजूद थे।





# साईं विहार कॉलोनी में माता के जागरण की धूम

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।ग्राम किरतपुर स्थित साईं विहार कॉलोनी फेस-1 में आयोजित माता रानी के 12वें विशाल जागरण का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में सम्पन्न हुआ। जागरण का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने दीप प्रज्वलन कर किया। आयोजकों द्वारा पूर्व विधायक ठुकराल का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि माता रानी की भक्ति, समाज में सौहार्द, सकारात्मक ऊर्जा और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखने का माध्यम है। उन्होंने आयोजन समिति को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। जागरण में रात भर भजन गायकों द्वारा देवी मां के भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें उपस्थित श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। भजनों की श्रृंखला ने समस्त वातावरण को भक्तिमय कर दिया। प्रात:कालीन तारा रानी कथा, आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आस्था प्रकट की। इस भव्य आयोजन में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य सुनीता सिंह, ग्राम प्रधान आशीष यादव, पूर्व ग्राम प्रधान एडवोकेट सर्वेश सिंह, समाजसेवी संजय ठुकराल, राजेश ग्रोवर, अजय नारायण सिंह, आनंद शर्मा, ललित सिंह बिष्ट, गगन ग्रोवर, अमर कोली, रुद्रा कोली, एडवोकेट एस. एन. वर्मा, विजय शर्मा, वेद प्रकाश, सुरेंद्र कुमार रावल, सुरेंद्र डिब्डा, दीपक कुमार, दीपक उप्रेती, सचिन राणा, रविंद्र दासमाना, आनंद राणा, गगन चौधरी, नरेश कुमार, शुभम रस्तोगी, रिंकू सिंह, दिलशेर सिंह, दीपक शर्मा, मनजीत, अंकुर चौधरी, दान सिंह, विनोद जायसवाल, जगदीश शर्मा, कुलदीप दीक्षित, तेजपाल सिंह राणा, सुधाकांत शर्मा, विनय शारदा, शत्रुघ्न सिंह, विनोद मिश्रा, संदीप कुमार, संदीप नेता, विपिन सैनी, सनी सिंह, रजनीश गोयल, विजय शिकारी, सरिता चौधरी, सनी धवन, चंदन, शिव शंकर, अजीत सिंह, आकाश, आशीष, ऋखिल सिंह और अरविंदर सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# छात्रों ने मनाया एनएसएस डे

रूद्रपुर। जनता इण्टर कॉलेज एन०एस०एस० की ईकाई के छात्रों ने धूमधाम से एनएसएस का स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम का आरम्भ एन०एस०एस० गीत से हुआ। कार्यक्रम में छात्रों को सम्बोधित करते हुये मुख्य वक्ता देवेन्द्र रावत ने एनएसएसके इतिहास परम्परा और सामाजिक कार्यों में एनएसएस की भूमिका के बारे में विस्तार से समझाया । कार्यक्रम को पूर्व कार्यक्रम अधिकारी अमित कपूर ने भी सम्बोधित किया और विद्यालय में एनएसएस के छात्रों द्वारा पूर्व में किये गये सामाजिक कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्य डा० सतीश कुमार ने एनएसएस के छात्रों को सामाजिक कार्यों में बढचढ कर भाग लेने को प्रेरित किया उन्होने अपने प्रेरणादायी सम्बोधन में छात्रों का आह्यावन किया तथा अन्धविशवास, शिक्षा, स्वास्थ पर्यावरण आदि के मुददों को समाज के बीच ले जाने का और जागरूकता फैलाने का सन्देश दिया। इस अवसर पर छात्रों ने अपने कार्यक्रम अधिकारी श्री पंकज कुमार के नेत्तव में स्वच्छता कार्यक्रम भी चलाया। कार्यक्रम में मनोज सिंह, चन्द्रवीर सिंह, उत्तम कुमार, सोनू कुमार, अमित भारती, गोरख पाण्डे, प्रीत यादव, निखिल, प्रिंयाशु तिवारी, मानस, तुषार, राजेश, देव, अंकित आदि छात्र उपस्थित रहें।




# व्यापारियों ने मिठाई बांटकर प्रधानमंत्री का जताया आभार

गदरपुर(उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ के नगर संयोजक राकेश गुंबर और भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुडिया के नेतृत्व में गदरपुर के मनिहारी गली में मिठाई वितरण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया गया। यह आयोजन केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में जीएसटी दरों में की गई कटौती को लेकर आयोजित किया गया, जिसे व्यापारियों और आम जनमानस ने सराहनीय कदम बताया। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं और व्यापारियों ने कहा कि केंद्र सरकार ने जीवन और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर लगने वाले 18 प्रतिशत जीएसटी को शून्य कर दिया है, जो एक ऐतिहासिक और जनहितैषी निर्णय है। इसके साथ ही किसानों के लिए ट्रैक्टर पर जीएसटी को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। वाहन बाजार में भी राहत दी गई है, जहां ऑटोमोबाइल पर जीएसटी दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। दैनिक उपयोग की वस्तुएं जैसे साबुन, पेट संबंधी दवाइयां और अन्य खाद्य पदार्थों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इस मौके पर मिठाई वितरित कर लोगों ने खुशी जाहिर की और केंद्र सरकार के फैसले को स्वागत योग्य बताया। कार्यक्रम में रमेश हुडिया, रमन छाबड़ा, किशन सिंधी, बंटी छाबड़ा, प्रीत कुमार, दीपक हुडिया, केवल गुंबर, प्रवीण गलहोत्रा, पवन, मधु, किरण, शिवम छाबड़ा समेत अनेक व्यापारी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।



# श्रवण को दशरथ ने मारा तीर, मारीच सुबाहु ने ऋषियों को किया तंग

किच्छा।नव युवक कला केंद्र के तत्वाधान में आयोजित पुरानी अनाज मंडी के चल रही प्रभु श्री राम की लीला के दूसरे दिन के मंचन में बीती रात्रि सर्वप्रथम भगवान गणेश की आरती गाकर रामलीला मंचन शुरू हुआ विगत रात्रि मंचन में श्रवण कुमार अपने अंधे माता पिता को 68 तीर्थों की यात्रा कराने निकलता है जहां नदी किनारे पानी भरने के दौरान अयोध्या का राजा दशरथ जंगली जानवर समझ कर अंधेरे में तीर चला देता है और श्रवण कुमार को वह तीर लग जाता है और वह अपने प्राण दे बैठता है। श्रवण के अंधे माता पिता दशरथ को श्राप देते है कि जैसे हम पुत्र वियोग में तड़प तड़प कर मर रहे है वैसे ही तू भी पुत्र वियोग में तड़प तड़प कर मरेगा। कल की रामलीला में राम जन्म सीता जन्म और मुनि विश्वामित्र के आश्रम में राक्षस मारीच और सुबाहु पहुंच जाते है और खूब उत्पात मचाते है तक कि लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। इस दौरान कमेटी के संरक्षक पंडित नगद शर्मा, लक्ष्मी नारायण एरन अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, डायरेक्टर डब्बू अग्रवाल दुलीचन्द चांगल, अनुज सक्सेना, अंशुल गंगवार, रिंकल गुप्ता,परवीन सेन, विकास दाबड़ा,कमल भाटिया,रविश सक्सेना,उमेश अग्रवाल,सहित तमाम कमेटी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# पत्नी सीता व भ्राता लक्ष्मण संग प्रभु राम हुए वन को रवाना

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री रामलीला मंचन में राम राज्याभिषेक घोषणा, दशरथ कैकयी संवाद, श्रीराम वन गमन का मंचन व्यास जी ने करवाया।व्यास जी कहते हैं कि कैकयी ने अपनी दासी मंथरा के उकसाने पर राजा दशरथ से अपने दिए हुए दो वरदान मांगे। पहले वरदान में उन्होंने अपने पुत्र भरत को अयोध्या का राजसिंहासन और दूसरे में राम के लिए चौदह वर्ष का वनवास माँगा। राजा दशरथ इस बात से बहुत दुखी हुए और कैकयी से मना करने की कोशिश की, लेकिन कैकयी ने अपने वचन पर अडिग रहकर भरत के राज्याभिषेक और राम के वनवास की माँग की, जिसे दशरथ ने अपने कुल की मर्यादा रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाएं पर वचन जाई॰ के कारण स्वीकार कर लिया। वन जाने की बात पर सीता ने राम से कहा कि वह उनके बिना स्वर्ग में भी सुख नहीं पा सकतीं और उनके साथ वन जाकर ही उन्हें सुख मिलेगा, क्योंकि जहाँ राम हैं, वहीं उनका सुख और अयोध्या है। उन्होंने पति के साथ वन की विपरीत परिस्थितियों में सहभागिता करना अपना धर्म बताया और इस दुख की घड़ी में पति का साथ देने की अपनी इच्छा व्यक्त की। लक्ष्मण ने भ्राता राम से असीम प्रेम के कारण वनवासी वस्त्र धारण कर लिये और वन को चल पड़े।संचालन समिति से प्रेम गुप्ता, एनबी गुणवंत, बिंदेश गुप्ता, अतुल अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, मनोज गुप्ता, बसंत अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। लीला में व्यास पूजन राकेश गर्ग, बसंत अग्रवाल, अशोक वार्ष्णेय ने किया। रामलीला में सूर्यांश गुप्ता, हितेश शर्मा, सुनील जायसवाल, अभिषेक गुप्ता, स्वयं बहुगुणा,नब्बू भाई, नीरज रावत आदि ने सहयोग किया।



# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुतला फूंका

रामनगर (उद संवाददाता)। प्रदेश में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक प्रकरणों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए रानीखेत रोड पर पुतला दहन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए उसे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने का दोषी ठहराया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहीं कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने कहा कि जिस सरकार को कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी है, उसी के शासनकाल में सरकारी भर्तियों के प्रश्नपत्र लीक हो रहे हैं, जो सरकार की नीयत और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि राज्य में बेरोजगारी चरम पर है और नौजवानों को रोजगार देना तो दूर, सरकार उन्हें उनका संवैधानिक अधिकार भी नहीं दिला पा रही। उन्होंने कहा कि जनता के बीच अब एक ही नारा गूंज रहा है ख्र ष्पेपर चोर, गद्दी छोड़। पूर्व विधायक रावत ने यह भी बताया कि इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी प्रदेश भर में चरणबद्ध तरीके से प्रदर्शन कर रही है और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की माँग कर रही है। कार्यक्रम के अंत में प्रदर्शनकारियों ने प्रतीकात्मक रूप से मुख्यमंत्री का पुतला फूंका और सरकार से मांग की कि वह भर्तियों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए तथा दोषियों को तत्काल सजा दिलाए।

# कार्यशाला में प्रधानों को दी टीबी उन्मूलन की जानकारी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। खण्ड विकास कार्यालय सभागार में मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ0 केके अग्रवाल के दिशानिर्देश राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सहयोगी संस्था इंपैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट द्वारा नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ स्वास्थ विभाग की तरफ से चिकित्सा अधीक्षक डॉ राहुल गौर तथा सहायक विकास अधिकारी पंचायत धीरेन्द्र कुमार पंत द्वारा किया गया। नवल किशोर द्वारा टी बी उन्मूलन हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में पंकज जोशी डिस्ट्रिक्ट लीड, इंपैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट द्वारा टीबी उन्मूलन कार्यशाला के अंतर्गत सभी बिंदुओं पर चर्चा की। साथ ही प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंर्तगत निक्षय मित्र बनने का अनुरोध किया। कार्यक्रम के अंतर्गत खण्ड विकास अधिकारी असित आनंद ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में प्रधानों की महत्ता को बताया तथा टीबी उन्मूलन पर प्रधानों के सहयोग की अपील की।कार्यशाला में ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र यादव



द्वारा सभी प्रधानों का अभिनंदन कर सभी प्रधानों का आभार प्रकट किया। अध्यक्ष द्वारा यह भी कहा गया कि खण्ड के विकास हेतु प्रधान संघ सदा ही ग्राम जन के विकास हेतु प्रतिबद्ध है। टीबी उन्मूलन हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी के दिशा निर्देश पर इंपैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट द्वारा खण्ड में आयोजित टीबी उन्मूलन कार्यशाला की प्रशंसा की साथ ही सभी प्रधानों से निक्षय मित्र बनने की अपील की। कार्यशाला में टीबी उन्मूलन की चर्चा के बाद सभी ग्राम प्रधानों को लेकर गुलशन कुमार द्वारा टीबी मुक्त करने की शपथ सी दिलाई। कार्यशाला की अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी असित आनंद ने व संचालन सहायक विकास अधिकारी(पं0) धीरेन्द्र पंत एवं गुलशन कुमार बसंती मेवाड़ी ब्लॉक समन्वयक इंपैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट, द्वारा किया गया। उसके मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम उपस्थित रही। कार्यशाला में चिकित्सा अधीक्षक डॉ राहुल गौर, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक रुद्र प्रताप एवं वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक राजीव (सीएचसी किच्छा) द्वारा प्रचार प्रसार किया। कार्यशाला का आयोजन इंपैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट की राज्य व जिले की टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में खण्ड के सभी नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# अल्ली खां प्रकरण की हो निष्पक्ष जांच: शफीक

काशीपुर(उद संवाददाता)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शफीक अहमद अंसारी ने मौहल्ला अल्लीखां में 21 सितंबर की रात्रि को घटित घटना को अत्यंत निंदनीय करार दिया है। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा इस पूरे घटनाक्रम को अंजाम देकर मुस्लिम समाज की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने बच्चों को बहला-फुसलाकर पुलिस बल पर हमला करवाने की घटना को शांति व्यवस्था पर सीधा हमला बताया और कहा कि इस प्रकार की हरकतें केवल साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने के उद्देश्य से की जाती हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि काशीपुर की गंगा-जमुनी तहजीब को कोई भी ताकत नुकसान नहीं पहुंचा सकती, बशर्ते सभी नागरिक संयम और समझदारी से काम लें। श्री अंसारी ने शहरवासियों से अपील की कि वे किसी भी स्थिति में कानून को अपने हाथ में न लें और हर प्रकार की अनैतिक गतिविधियों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि नगर की गंगा-जमुनी तहजीब और कौमी एकता को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से ऐसे असामाजिक तत्वों से भी सावधान रहने को कहा जो राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए समाज में विभाजन पैदा करने की कोशिश करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस प्रशासन से भी आग्रह किया कि वह पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक आरोपियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही करे, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी निर्दोष व्यक्ति को बेवजह कानूनी कार्रवाई का शिकार न बनना पड़े।



# भानु प्रताप पब्लिक स्कूल के बच्चों ने राज्य स्तरीय योग चैंपियनशिप में जीते स्वर्ण पदक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शारदानगर डिबडिबा स्थित भानु प्रताप पब्लिक स्कूलके दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने उत्तराखंड की राजधानी



देहरादून में आयोजित 17वीं उत्तराखंड राज्य योग चौंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया। देवांश सिंह और सान्वी पलरिया ने सब जूनियर (ए) वर्ग (8-10 वर्ष) में स्वर्ण पदक जीतकर यह सिद्ध कर दिया कि समर्पण, अनुशासन और मार्गदर्शन के साथ कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय योग महासंघ (स्वर्ण जयंती) द्वारा उत्तराखंड योग संघ के सहयोग से किया गया था, जो राष्ट्रीय योग चैंपियनशिप 2025 के लिए चयन का एक प्रमुख मंच भी था। बालिका वर्ग (8-10 वर्ष) में सान्वी पलरिया ने प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए प्रतियोगिता की शोभा बढ़ाई, वहीं बालक वर्ग (8-10 वर्ष) में देवांश सिंह ने भी शीर्ष स्थान पर कब्जा जमाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इनकी सफलता के पीछे योग शिक्षक राजेन्द्र सर की प्रेरणादायी भूमिका रहीविद्यालय के प्रधानाचार्य ने इस अवसर पर अपनी खुशी साझा करते हुए कहा देवांश और सान्वी की यह उपलब्धि न केवल हमारी शिक्षण प्रणाली की सशक्तता को दर्शाती है, बल्कि यह भी बताती है कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं, बल्कि मानसिक, शारीरिक और नैतिक विकास का समन्वय है। हम अपने विद्यार्थियों पर गर्व करते हैं। विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य, समन्वयक, शिक्षकगण और सहपाठियों ने दोनों विजेताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह सफलता स्कूल के उन मूल्यों को प्रतिबिंबित करती है, जहां समग्र शिक्षा ,अनुशासन, स्वास्थ्य, चरित्र और प्रतिभा को विशेष प्राथमिकता दी जाती है।

# बिहार चुनाव के लिए प्रवासी बिहारियों को साधने में जुटी भाजपा

किच्छा(उद संवाददाता)।मिशन बिहार विधानसभा चुनाव के तहत एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिए भाजपा पूरे देश में सक्रिय हो गई है। इसी क्रम में पार्टी ने उत्तराखंड में निवास कर रहे प्रवासी बिहारियों को भी साधने की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में जहां बिहार में प्रचार अभियान तेज हो चुका है, वहीं उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल क्षेत्र में रह रहे प्रवासी बिहारवासियों से संपर्क स्थापित करने के लिए बिहार भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री संजय राय को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। कुमाऊं मंडल के दौरे पर पहुंचे संजय राय ने ष्एक भारत श्रेष्ठ भारतष् कार्यक्रम के उत्तराखंड संयोजक राजेश शुक्ला के साथ विभिन्न स्थानों पर प्रवासी बिहारियों के साथ बैठकें कीं। इन बैठकों के माध्यम से उन्होंने बिहार चुनाव में भाजपा के समर्थन में मतदान के लिए प्रवासियों से सहयोग मांगा। उन्होंने बताया कि प्रवासी बिहारवासियों ने उन्हें आश्वस्त किया है कि वे अपने रिश्तेदारों, परिजनों और



मित्रों से बिहार में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे। साथ ही, जिन मतदाताओं का नाम अब भी बिहार की मतदाता सूची में दर्ज है, वे मतदान के लिए बिहार लौटने को तैयार हैं। बैठकों के उपरांत संजय राय और राजेश शुक्ला, किच्छा स्थित नवीन गल्ला मंडी के पूर्व सभापति अजय यादव के आवास पहुंचे, जहां दोनों अतिथियों का पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान अजय यादव ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं द्वारा प्रवासी बिहारियों से की गई यह सीधी बातचीत निश्चित रूप से बिहार विधानसभा चुनाव में सकारात्मक परिणाम देगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि कुमाऊं क्षेत्र में रहने वाले प्रवासी मतदाता अपने गृह राज्य में भाजपा की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# सिक्स सिग्मा संस्थान के छात्रों ने किया विमको सीडलिंग का औद्योगिक भ्रमण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।क्षेत्र के प्रतिष्ठित तकनीकी शिक्षण संस्थान सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, रुद्रपुर के कृषि विभाग के छात्र-छात्राओं ने विमको सीडलिंग, रुद्रपुर का शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का आयोजन संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन द्वारा किया गया। संस्थान का मानना है कि जब छात्र शिक्षा पूर्ण कर कृषि क्षेत्र में प्रवेश करते हैं, तो अक्सर उन्हें वास्तविक कार्यस्थल की जानकारी के अभाव में आत्मविश्वास की कमी का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सिक्स सिग्मा समय-समय पर उद्योग आधारित शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन करता है। विमको सीडलिंग में छात्रों का स्वागत कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री राजेश झा ने



किया, जिन्होंने कंपनी की स्थापना, उद्देश्य और संचालन की रूपरेखा छात्रों के सामने कुमार ने कंपनी की कार्य प्रणाली और कृषि क्षेत्र में योगदान की जानकारी दी। शोध एवं विकास अधिकारी डॉ. राजेन्द्र कुमार ने विमको में उन्नत तकनीकों से विकसित किए जा रहे पौधों एवं वृक्षों की जानकारी प्रस्तुति और प्रत्यक्ष उदाहरणों के माध्यम से दी, जिससे छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था में सहायक प्राध्यापक सोमेन्द्र सिंह, कृषि प्रवक्ता श्री मनीष यादव तथा संस्थान के प्राचार्य ललित सिंह बिष्ट ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष राजेश डावर, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ. सीमा अरोरा, मैनेजमेंट मेंबर वंश डावर एवं शौर्य अरोरा, प्रधानाचार्य प्रकाश पंत (फार्मेसी), प्रधानाचार्य विवेक त्रिवेदी (नर्सिंग) सहित समस्त शिक्षक- शिक्षिकाओं ने छात्रों को इस उपयोगी अनुभव के लिए बधाई दी।

# काशीपुर में पुलिस प्रशासन अलर्ट

काशीपुर(उद संवाददाता)। नगर के मौ. अल्ली खां में 21 सितंबर को हुए बवाल के बाद से प्रशासन लगातार एक्शन मोड में है। एसपी डेरा जमाये हुए हैं। पुलिस की टीमें बवालियों की धरपकड़ कर रही हैं तो प्रशासनिक टीमें बिजली, पानी, हाउस टैक्स, लाइसेस आदि की जांचों में लगी हुई हैं। आपको बता दें कि विगत 21 सिंतबर की रात्रि को आई लव मुहम्मद को लेकर जुलूस बिना अनुमति के निकालने को लेकर जुलूस में मौजूद मुस्लिम धर्म के लोगों ने पुलिस पर हमला कर दिया था, गाड़िया तोड़ डाली थी। जिसके बाद से पुलिस-प्रशासन ने उप्रदवियों को सुधारने का अभियान शुरु कर दिया है। रोज पहचान-पहचान कर उपद्रवियों को पकड़ा जा रहा है। एसपी अभय सिंह व एसडीएस अभय प्रताप सिंह ने डेरा डाल रखा है। प्रशासनिक टीमों में विद्युत विभाग की टीमें स्मार्ट मीटर लगाने, बकाया विद्युत बिलों की वसूली करने व बिजली चोरों को पकड़ने में जुटी हैं। ड्रग विभाग की टीमें मेडिकल स्टोरों के लाइसेंस, नशे की दवाईयों, स्टॉक आदि की जांच में जुटी हैं। हालत यह है कि होलसेल का लाइसेंस लेकर रिटेल में दवाईयां बेची जा रहीं थीं। खाद्य पूर्ति विभाग की टीमें राशन कार्डों की जांच में जुटी हैं। नगर निगम की टीम अतिक्रमण चिन्हित करने और हाउस टैक्स की वसूली में जुट गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार कल से श्रम विभाग की टीमें भी यहां अपना काम शुरु कर देंगी। एसपी अभय सिंह ने साफ-साफ कहा है कि उपद्रवियों को छोड़ा नहीं जायेगा। एक-एक को चुनकर गिरफ्तार किया जायेगा।

# पेज एक का शेष...

**छात्र संघ चुनाव ...**बात को लेकर अचानक छात्रों के दो गुट आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते कहासुनी हाथापाई में बदल गई और दोनों ओर से जमकर लात-घूसे चलने लगे। मारपीट और हंगामे के बीच एक पक्ष ने पिस्टल से फायर कर दिये। जिससे मौके पर हड़कम्प मच गया। अफरा तफरी के बीच छात्र इधर-उधर भागने लगे। गनीमत रही कि गोली लगने से कोई घायल नहीं हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और हालात को काबू में किया। पुलिस ने छात्रों को खदेड़कर भीड़ को तितर-बितर किया। फिलहाल तनाव को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। इस बीच पुलिस ने विवाद कर रहे छात्रों के कुछ वाहन भी कब्जे में लिये हैं। विवाद किस बात को लेकर हुआ इसका कोई पता नहीं चल पाया है। दोनों गुटों की पहचान की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। छात्रा संघ चुनाव को लेकर परिसर और शहर में पहले से ही तनाव का माहौल बना हुआ था। इस गोलीकांड ने छात्रों और अभिभावकों की चिंता और बढ़ा दी है।

**एक भारत ...**यह तय किया जाएगा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नए जनप्रतिनिधियों की टीम को किस प्रकार से बूथों पर सक्रिय किया जाए। इसके साथ ही सरकार की उपलब्धियों को संगठन के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने और प्रकोष्ठों व मोर्चों की बूथ इकाइयों के गठन को लेकर भी रणनीति तैयार की जा रही है।

**प्रदेश में युवाओं ...**डालकर जमीन हड़पने की कोशिश नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी घोषणा की कि उनकी सरकार ने मदरसा बोर्ड को समाप्त करने का निर्णय लिया है, जिसका असर अगले वर्ष देखने को मिलेगा। यह बयान सीएम धामी ने उत्तराखण्ड बीजेपी की राज्य स्तरीय संगठनात्मक कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए दिया। इस कार्यशाला का केंद्रीय विषय है "2027 का मिशन हैट्रिक" और बूथ-स्तर पर संगठन को मजबूत करना। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष, दुष्यंत गौतम, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश सह-प्रभारी रेखा वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजय सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित हैं।

**फैक्ट्री में भड़की....**लेकिन प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका जताई जा रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुँचे और हालात का जायजा लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह-सुबह अचानक धुएँ के गुबार उठते ही इलाके में दहशत फैल गई। आग इतनी विकराल थी कि फैक्ट्री के आसपास रहने वाले लोगों ने अपने घरों का सामान बाहर निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर ले जाकर खुद को बचाया। दमकल विभाग द्वारा आग पर काबू पाने के प्रयासों के बाद स्थिति सामान्य हो सकी। फिलहाल फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। बताया जाता है कि घटना के समय फैक्ट्री स्वामी निर्मल सिंघल शहर से बाहर गये हुए थे। मामले की जानकारी मिलते ही वह वापस लौट आये।

**विधायक और मेयर का...**घुमा दिया। देखना यह है कि अगला ट्रेलर कब और किस मंच पर दिखता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह समझौता केवल दिखावे का है। आने वाले समय में जब भी किसी बड़े काम या शिलान्यास का मौका मिलेगा, तब फिर से प्रतिस्पर्धा देखने को मिल सकती है। जनता भी बखूबी जानती है कि यह 'फिल्म' खत्म होने वाली नहीं, बस फिलहाल इसका ट्रेलर रोक दिया गया है।

# सीवर का गटर हुआ ओवरफ्लो, गंदगी से हाल बेहाल

काशीपुर। देश भर में स्वच्छता पखवाड़ा जोर-शोर से मनाया जा रहा है, लेकिन काशीपुर की हकीकत सरकार के दावों की पोल खोल रही है। मौ कटोराताल इलाके में संतोषी माता मंदिर के पास सीवर का गटर ओवरफ्लो हो रहा है। ढक्कन लगा होने के बावजूद गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है और लोगों के घरों के सामने गंदगी और बदबू का अंबार लग गया है। सबसे बड़ी चिंता की बात ये है कि पास ही नवीन जूनियर हाईस्कूल है। सुबह और शाम स्कूल की छुट्टी के समय छोटे-छोटे बच्चे इसी गंदगी के बीच से गुजरने को मजबूर हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार शिकायत की, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में सवाल उठता है कि जब जमीनी हकीकत यही है, तो आखिर सरकार का स्वच्छता पखवाड़ा सिर्फ कागजों तक ही सीमित है क्या।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सुन 14 वर्षों का वनवास बोले राम, जो आज्ञा पिताजी महाराज

## तीसरे दिन पूर्व विधायक ठुकराल ने किया रामलीला मंचन का शुभारम्भ

रूदपुर(उद संवाददाता)। मुख्य रामलीला में विगत पंचम रात्रि राम बारात का वापसी अयोध्या आनें के बाद राजा दशरथ द्वारा राम को राजपाट देने पर विचार विमर्श करना, राजतिलक की घोषण होना, दासी मंथरा द्वारा रानी कैकयी को भड़काना, कैकयी का कोपभवन में जाकर नाराज होकर बैठ जाना, राजा दशरथ का रानी कैकयी को मनाने का प्रयास करना, कैकयी का राम को वनागमन एवं भरत को राजपाट देने का वर मांगना, राजा दशरथ द्वारा भरत को राजपाद देना, लेकिन राम को वन जानें के वर पर कैकयी से मानने की मनुहार करना, कैकयी हठ के चलते राम को वनवास होना, राम द्वारा वनों को प्रस्थान तक की लीला का मार्मिक व जीवन लीला का मंचन हुआ। पंचम रात्रि की रामलीला का उध्द्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल नें दीप प्रज्जवलित कर किया।आज राम विवाह के बाद राम बारात अयोध्या नगरी में लौट आती है। हर तरफ खुशियों का माहौल था। राजा अपने गुरुओं से सलाह लेते है तो अगले दिन का ही मुहुर्त होता है। राजा राजकुमार राम को अयोध्या का राजपाट देने की घोषणा कर देते हैं। यह बात जब रानी कैकयी की मुंहलगी दासी मंथरा सुनती है तो वह कैकयी को भड़का कर कोप भवन भेज देती है। राजा दशरथ उनको मनाने कोप भवन जाकर मनुहार करते है तो रानी कहती है कि उसे दो वर चाहियें, तो राजा दशरथ राम की सौगंध खाकर कहते है कि मांग रानी, बर मांग। कैकयी पहले वचन में भरत के लिये अयोध्या का राजपाट व दूसरे वर में राम को चौदह बरसों का वनबास मांगती है। राजा का रंग बिलकुल उड़ गया, मानो ताड़ के पेड़ को बिजली ने मारा हो। दशरथ के बहुत समझानें पर भी कैकयी नही मानती तो दशरथ रोते-रोते राम को बनवास का आदेश देते है। राम तनिक भी व्याकुल नहीं होते। वह पिताजी को बहुत शांत स्वभाव से मंद मंद मुस्कुराते हुये जो आज्ञा पिताजी कहते है। रानी कैकयी से बहुत ही प्रेमपूर्वक और आदरपूर्वक प्रणाम करते है। माता कौशल्या से अनुमति प्राप्त करने तथा विदा लेने के पश्चात् राम जनकनन्दिनी सीता के कक्ष में पहुँचे। उस समय वे राजसी चिह्नों से पूर्णत: विहीन थे। उन्हें राजसी चिह्नों से विहीन देख कर सीता ने पूछा, हे आर्यपुत्र! आज आपके राज्याभिषेक का दिन पर भी आप राजसी चिह्नों से विहीन क्यों हैं? राम ने गंभीर किन्तु शान्त वाणी में सीता को समस्त घटनाओं विषय में बताया और कहा, प्रिये ! मैं तुमसे विदा माँगने आया हूँ क्योंकि मैं तत्काल ही वक्कल धारण करके वन के लिये प्रस्थान करना चाहता। सीता बोलीं, प्राणनाथ ! पत्नी अर्द्धांगिनी होती है। यदि आपको वनवास की आज्ञा मिली है तो इसका अर्थ है कि मुझे भी वनवास की आज्ञा मिली है। कोई विधान नहीं कहता कि पुरुष का आध । अंग वन में रहे और आधा अंग घर में। हे नाथ! स्त्री की गति तो उसके पति के साथ ही होती है, इसलिये मैं भी आपके साथ वन चलूँगी। यदि आप मेरी इस विनय और प्रार्थना की उपेक्षा करके मुझे अयोध्या में छोड़ जायेंगे आपके वन के लिये प्रस्थान करते ही मैं अपना प्राणत्याग दूँगी। यही मेरी प्रतिज्ञा है। राम, लखन सीता राजा दशरथ को प्रणाम कर वनवास को चले जाते है। कैकयी की भूमिका में नरेश छाबड़ा, राजा दशरथ की भूमिका में प्रेम खुराना, राम की भूमिका में मनोज अरोरा, सीता की भूमिका में दीपक अग्रवाल, लक्ष्मण की भूमिका में गौरव जग्गा, भरत सौरभ राज बेहड़, शत्रुघन सचिन मुंजाल, गणेश भगवान की भूमिका में आशीष ग्रोवर, मंथरा की भूमिका में मोहन लाल भुड्डी, कौशल्या की भूमिका में अग्रिम सचदेवा ने शानदार अभिनय कर उपस्थित हजारो जनता का मन मोह लिया। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष सीए अमित गंभीर, नरेश शर्मा, सुभाष खंडेलवाल, ओमप्रकाश अरोरा, महावीर आजाद, हरीश धीर, अमित अरोरा बोबी, राकेश सुखीजा, अशोक गगनेजा, रामनाटक क्लब के महामंत्री आशीष ग्रोवर आशू, गुरशरण बब्बर शरणी, गौरव तनेजा, संजीव आनन्द, गौरव बेहड़, सचिन आनन्द, विजय विरमानी, अमित चावला, सचिन तनेजा, आदि सहित हजारो दर्शक मौजूद थे। मंच संचालन वरिष्ठ समाजसेवी हरीश धीर एवं मंच सचिव विजय जग्गा ने किया।





## जो राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं: ठुकराल

रूद्रपुर। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने अपने सम्बोधन में कहा कि राम हमारी आस्था का केन्द्र है। हम राम के उपासक हैं। राम के बिना हमारी जीवन की कोई वैल्यू नहीं है। राम हमारी सांसों का केन्द्र है। राम वह पात्र हैं, जिनके जीवन चरित्र को देखनें भर से हमारे जीवन का कल्याण हो सकता है। राम के बिना इस समाज की कोई कल्पना नहीं की जा सकती। जो राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं। राम वह आदर्श हैं जो माता पिता की आज्ञा से 14 वर्षों के लिये हंसते हसंते वनवास चले गये। सीता मां वो पवित्र पात्र है जिसनें पतिव्रता धर्म का पालन करते हुये पति के साथ वनों का वनवास स्वीकार किया। लक्ष्मण और भरत के पात्र भी अनुकरणीय है। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने इस रामलीला मैदान को बचानें में किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के महत्तवपूर्ण योगदान को स्मरण कर सराहते हुये कहा कि इस रामलीला ग्राउन्ड को बचानें, बनानें, संवारनें और प्राचीन परंपराओ को संजोनें में श्री बेहड़ का बहुत बड़ा योगदान है। वह स्वयं भी इस मंच पर दशको तक अभिनय कर चुके है। पूर्व विध ायक राजकुमार के ठुकराल के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी संजय ठुकराल, राजेश ग्रोवर, अजय नारायण, पूर्व पार्षद फुदेना साहनी, विजय वाजपेयी, आनन्द शर्मा, वसीम त्यागी, रूद्रा कोली, ललित सिंह बिष्ट भी मौजूद रहे।



## कैकई-मंथरा-दशरथ के संगीतमय संवाद ने बाँधा समां

रुद्रपुर। नगर की मुख्य रामलीला में मंगलवार की रात प्रस्तुत किए गए कैकई-मंथरा संवाद और दशरथ-कैकई संवाद ने दर्शकों के हृदय को गहराई से छू लिया। मंच पर जब यह प्रसंग जीवंत हुआ, तो रामायण की अमर कथा मानो यथार्थ बनकर आँखों के सामने उतर आई। मजे हुए कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। कैकई की भूमिका निभा रहे नरेश छाबड़ा ने मां के दायित्व और भावनाओं को बड़े ही सहज भाव से मंच पर प्रस्तुत किया। दशरथ की भूमिका में प्रेम खुराना ने राजा के साथ-साथ एक असहाय पिता का दर्द इतने भावपूर्ण अंदाज में दर्शाया कि पंडाल में बैठे लोग भी भावुक हो उठे। वहीं मंथरा की भूमिका में मोहन भुड्डी ने अपनी नकारात्मकता और षड्यंत्रकारी स्वभाव को इतनी प्रभावशाली शैली में पेश किया कि दर्शक रोमांचित हो उठे। इन तीनों कलाकारों का अभिनय दर्शकों खूब भाया। खास बात यह है कि नरेश छाबड़ा, प्रेम खुराना और मोहन भुड्डी पिछले कई वर्षों से श्रीरामलीला मंच पर अभिनय कर रहे हैं। अपने अनुभव और समर्पण से यह कलाकार न केवल किरदारों को जीवंत कर देते हैं, बल्कि रामायण के मूल संदेश को भी जन-जन तक पहुँचाते हैं। रामलीला मंचन के दौरान पूरा वातावरण रामायण के भावों से ओत-प्रोत हो गया। संवादों की प्रस्तुति इतनी सशक्त रही कि हर कोई एक क्षण के लिए समय की सीमा भूल गया और त्रेतायुग का साक्षात् अनुभव करने लगा। दर्शकों ने मंचन के बाद तालियों की गड़गड़ाहट और जयकारों से कलाकारों का अभिनंदन किया। रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने भी इन कलाकारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन्हीं जैसे समर्पित कलाकारों की वजह से वर्षों से रामलीला की परंपरा जीवंत बनी हुई है।





Alsence®
बवासीर से परेशान?
मल त्यागते समय खून आना, गुदा पर जलन-खुजली, सूजन व मस्सों की तकलीफ़
अपनाइये 11 साल से भरोसेमंद आयुर्वेदिक समाधान
पाइल्सश्योर कैप्सुल
✓ केवल 7 दिन में असरदार परिणाम
✓ 100% आयुर्वेदिक
✓ कोई दुष्प्रभाव नहीं
✓ खूनी व बादी बवासीर में लाभकारी


सभी मुख्य मेडिकल स्टोर्स पे उपलब्ध
FOR QUERY CONTACT AT-9997744200, 7536000017

# तो क्या पूर्व विधायक ठुकराल की ढलने लगी साढ़ेसाती?

## शहर की सबसे प्राचीन और मुख्य श्री रामलीला मंच पर ठुकराल की 25 साल बाद एंट्री

रुद्रपुर। शहर की प्राचीन और मुख्य श्रीरामलीला में मंगलवार की रात एक ऐसा नजारा देखने को मिला जिसने न केवल दर्शकों को चौंकाया बल्कि राजनीतिक हलकों में भी नई चर्चा छेड़ दी। रामलीला मंचन के तीसरे दिन पूर्व विध ायक राजकुमार ठुकराल बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। गौर करने वाली बात यह है कि बीते पच्चीस वर्षों में जब वह दो-दो बार विधायक रहे तब भी उन्हे नगर की सबसे प्राचीन और मुख्य रामलीला में अतिथि बनने का सौभाग्य नही मिला। यही नहीं, विधायक रहते समय वह कई बार सार्वजनिक रूप से इस बात का रोष भी जताते रहे कि शहर का प्रतिनिधि होने के बावजूद उन्हें नगर की सबसे बड़ी रामलीला में बुलावा तक नहीं दिया जाता। अलबत्ता श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों का कहना होता था कि कमेटी के जिम्मेदार लोग बकायदा श्री ठुकराल को आर्मंत्रित करते थे बल्कि वह स्वयं नही आते थे। लेकिन इस बार जब वह विधायक नहीं रहे तो अचानक से उनका मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रकट होना दर्शकों के साथ-साथ राजनीतिक विश्लेषकों के लिए भी कौतूहल का विषय बन गया। श्री रामलीला मंच पर पहुंचने से पूर्व श्री ठुकराल रामबारात में भी पहुंचे और श्रीराम का आशीर्वाद भी लिया। समर्थकों ने इसे भगवान की विशेष कृपा बताया तो विरोधि यों ने व्यंग्य कसते हुए कहा कि यह किसी ज्योतिषीय चमत्कार से कम नहीं। लोगों के बीच चर्चा छिड़ी कि लगता है ठुकराल पर बीते वर्षों से चल रही साढ़ेसाती और ढैय्या का असर अब कम हो रहा है। जिस मंच से उन्हें हमेशा उपेक्षा झेलनी पड़ी, उसी मंच पर अब सम्मान की कुर्सी मिलना कहीं न कहीं बदलते राजनीतिक समीकरणों की ओर इशारा कर रहा है। 2022 के विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरने वाले राजकुमार ठुकराल का नाम कभी भाजपा में वापसी की अटकलों से जुड़ता है तो कभी कांग्रेस में जाने की चर्चाओं से। खुद उन्होंने इस पर कोई स्पष्ट बयान भले ही न दिया हो, लेकिन रामलीला मंच पर उनकी यह अप्रत्याशित एंट्री सवाल जरूर खड़े कर रही है। आखिर क्यों वर्षों से उपेक्षित रहे ठुकराल को अब बुलावा आया? क्या यह महज धार्मिक आयोजन का हिस्सा है या फिर राजनीति के बड़े खेल का एक नया पन्ना? राजनीति के जानकार मानते हैं कि रामलीला मंच पर मुख्य अतिथि बनकर पहुंचना ठुकराल की राजनीतिक पारी का नया संकेत है। समर्थक इसे उनके लिए शुभ शुरुआत मान रहे हैं तो विरोधियों का कहना है कि यह उनकी वापसी की जिद का एक और अध्याय है। अब देखना यह होगा कि यह मंचन ठुकराल के लिए केवल एक धार्मिक श्रद्धा का अवसर साबित होता है या फिर सचमुच उनके राजनीतिक भविष्य को नई रोशनी देने वाला पड़ाव बन जाता हैं। वही जब इस सम्बंध में पूर्व विधायक से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि कमेटी के पदाधिकारी उनके पास आये थे और उनके द्वारा प्रभु श्री रामलीला मंचन के दौरान मुख्य अतिथि बनने का न्यौता दिया गया था,उनके द्वारा कमेटी के पदाधिकारियों का सम्मान करते हुये सहर्ष स्वीकार कर लिया।

